# अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | अध्याय | पेज संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मॉडल पेपर - 01 | 1 - 19 |
| 2. | मॉडल पेपर - 02 | 20 - 38 |
| 3. | मॉडल पेपर - 03 | 39 - 57 |
| 4. | मॉडल पेपर - 04 | 58 - 76 |
| 5. | मॉडल पेपर - 05 | 77 - 96 |
| 6. | मॉडल पेपर - 06 | 97 - 116 |
| 7. | मॉडल पेपर - 07 | 117 - 135 |
| 8. | मॉडल पेपर - 08 | 136 - 154 |
| 9. | मॉडल पेपर - 09 | 155 - 174 |
| 10. | मॉडल पेपर - 10 | 175 - 193 |

**1. राजस्थान की भौगोलिक स्थिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. रामदेवरा (जैसलमेर), जिला मुख्यालय से पूर्व दिशा में स्थित है।**
**2. राजस्थान का सबसे दक्षिणतम जिला राजसमंद है।**
**3. सोजत और मारवाड़ जंक्शन दोनों पाली जिले के अंतर्गत आते हैं।**
**4.अक्षांशों के आधार पर झुंझुनूं, जोधपुर से अधिक उत्तर में स्थित है।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—**
**1. राजस्थान स्थित थार मरुस्थल को टेथिस सागर का अवशेष माना जाता है।**
**2. राजस्थान के कुल क्षेत्रफल का लगभग दो-तिहाई भाग मरुस्थल है।**
**3. 'थार' मरुस्थल का कुल क्षेत्रफल लगभग 2,38,254 वर्ग किमी है।**
**4. थार मरुस्थल मुख्यतः अरावली पर्वतमाला के पूर्वी भाग में स्थित है।**
**सही उत्तर का चयन कीजिए—**
(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2 और 3 (d) सभी 1, 2, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**3. राजस्थान की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारकों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—**
**1. राजस्थान कर्क रेखा के उत्तर में स्थित होने के कारण शीत कटिबन्ध में आता है।**
**2. समुद्र से अधिक दूरी के कारण राजस्थान में महाद्वीपीय जलवायु पाई जाती है।**
**3. अरावली पर्वतमाला की दिशा मानसूनी हवाओं के समानान्तर होने से वर्षा कम होती है।**
**4. माउंट आबू अधिक ऊँचाई पर होने के कारण अपेक्षाकृत ठण्डा रहता है।**
**5. पश्चिमी विक्षोभ से राजस्थान में सर्दियों में मावठ की वर्षा होती है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए—**
(a) केवल 1 और 2 असंगत हैं (b) केवल 1 असंगत है
(c) केवल 2 और 3 संगत हैं (d) केवल 3 और 5 असंगत हैं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**4. निम्नलिखित पर विचार कीजिए -**
**कथन (A): घग्घर नदी को राजस्थान में "मृत नदी" कहा जाता है।**
**कारण (R): क्योंकि घग्घर नदी समुद्र तक नहीं पहुँचती और अंतः प्रवाहित होकर मरुस्थलीय क्षेत्र में समाप्त हो जाती है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए—**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, परन्तु R सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**5. सूची-I को सूची II से सुमेलित करें –**

| | सूची-I (मृदा) | | सूची-II(अभिलक्षण) |
|---|---|---|---|
| (a) | नवीन जलोढ़ मृदा | (i) | नाइट्रोजन और पोटाश की कमी |
| (b) | काली मिट्टी | (ii) | खादर |
| (c) | लेटेराइट मिट्टी | (iii) | ककड़ और पत्थर |
| (d) | पर्वतीय मिट्टी | (iv) | पोटाश और लाइम (चून) की प्रचुरता |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(b) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)
(c) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(iii), (d)-(i)
(d) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(iii)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**6. पलाश वनों की विशेषताएँ क्या हैं?**
**a. ये वन उन क्षेत्रों में फैले हैं जहाँ का धरातल पथरीला एवं कठोर है।**
**b. ये पहाड़ियों के उन क्षेत्रों में प्रचुर मात्रा में पाये जाते है जहाँ पठारी भूमि उपलब्ध है।**
**c. इस प्रकार के वन केवल माउंट आबू क्षेत्र में पाये जाते हैं।**
**d. ये वन मैदानों में भी पाये जाते हैं जहाँ कंकड़ हैं और मृदा कम मात्रा में पायी जाती है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :**
(a) केवल a, c, d (b) केवल a, b, c
(c) केवल b, c, d (d) केवल a, b, d
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**7. राजस्थान में जनजातीय जनसंख्या (जनगणना 2011) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. राजस्थान में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या राज्य की कुल जनसंख्या का 13.5% है।**
**2. अनुसूचित जनजातियों की संख्या के आधार पर राजस्थान का देश में चौथा स्थान है।**
**3. कुल जनसंख्या में जनजातीय प्रतिशत के आधार पर राजस्थान का देश में 13वाँ स्थान है।**
**4. राजस्थान में जनजातियों की सर्वाधिक दशकीय वृद्धि दर मीणा जनजाति में दर्ज की गई।**
**5. राजस्थान में जनजातियों का सर्वाधिक लिंगानुपात डूंगरपुर जिले में पाया जाता है।**
**उपरोक्त में से कौन-से कथन संगत हैं?**
(a) केवल 1, 2, 3 और 5 (b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 4 और 5 (d) केवल 1, 2, 4 और 5
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन (Assertion – A): जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान का भारत में जनसंख्या की दृष्टि से 8वाँ स्थान था।**
**कारण (Reason – R): क्योंकि उस समय तेलंगाना राज्य अस्तित्व में नहीं आया था और आंध्र प्रदेश एक संयुक्त राज्य था।**
**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, लेकिन R गलत है।
(d) A गलत है, लेकिन R सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**9. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करे -**
**सूची-I (राजस्थान में फसल) सूची-II (आवश्यक वर्षा)**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| **A. मक्का** | **I. 100 सेमी-120 सेमी** |
| **B. ज्वार** | **II. 50 सेमी-100 सेमी** |
| **C. गन्ना** | **III. 50 सेमी-125 सेमी** |
| **D. मूंगफली** | **IV. 40 सेमी-80 सेमी** |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) A-I, B-II, C-III D-IV
(c) A-I, B-IV, C-II, D-III
(c) A-IV, B-III, C-II, D-I
(d) A-II, B-IV, C-I, D-III
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**10. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म असंगत है?**
(a) केन्द्रीय ऊंट प्रजनन केन्द्र – जोहड़बीड़ (बीकानेर)
(b) भैंस प्रजनन केन्द्र – वल्लभनगर (उदयपुर)
(c) बकरी विकास एवं चारा उत्पादन केन्द्र – बस्सी (जयपुर)
(d) सुअर फार्म – अलवर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**11. सूची-I (पुरातात्विक स्थल) को सूची-II (संबंधित जिले) से सुमेलित कीजिए–**

| सूची-I (स्थल) | सूची-II (जिला) |
|---|---|
| **(A) कुराड़ा व खुरड़ी** | **(i) अजमेर** |
| **(B) बूढ़ा पुष्कर व होकरा** | **(ii) जैसलमेर** |
| **(C) कुण्डा व ओला** | **(iii) डीडवाना-कुचामन** |
| **(D) आलनियाँ व दर्रा** | **(iv) श्रीगंगानगर** |
| **(E) बरोर व बिनजौर** | **(v) कोटा** |
| **(F) लाछुरा व जहाजपुर** | **(vi) भीलवाड़ा** |

**सही कूट का चयन कीजिए:**
(a) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(v), (E)-(iv), (F)-(vi)
(b) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(i), (D)-(v), (E)-(iv), (F)-(vi)
(c) (A)-(i), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(iv), (E)-(v), (F)-(vi)
(d) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iv), (E)-(v), (F)-(vi)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**12. गुर्जर-प्रतिहार राजवंश के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए सही विकल्प का चयन कीजिए–**
**1. प्रतिहार स्वयं को भगवान राम के भाई लक्ष्मण का वंशज और रघुवंशी क्षत्रिय मानते हैं।**
**2. चीनी यात्री ह्वेनसांग ने प्रतिहारों के लिए 'कू-चे-लो' शब्द का प्रयोग किया है।**
**3. अरब यात्रियों ने इन शासकों को 'जुर्ज' कहकर पुकारा है।**
**4. घटियाला शिलालेख और बाउक प्रशस्ति में प्रतिहारों को 'ब्राह्मण' बताया गया है।**
(a) केवल 1 और 2 सही हैं।
(b) केवल 1, 2 और 3 सही हैं।
(c) केवल 2, 3 और 4 सही हैं।
(d) सभी कथन सही हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**13. शाकंभरी (सांभर) के चौहान शासक वासुदेव चौहान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. वासुदेव चौहान को चौहान राजवंश का 'आदिपुरुष' और 'मूलपुरुष' माना जाता है।**
**2. बिजौलिया शिलालेख (1170 ई.) के अनुसार, इन्होंने 551 ई. के लगभग सपादलक्ष में चौहान वंश की नींव रखी थी।**
**3. इन्होंने अपनी प्रारंभिक राजधानी अहिच्छत्रपुर (वर्तमान नागौर) को बनाया था।**
**4. बिजौलिया शिलालेख के अनुसार, सांभर झील के निर्माण का श्रेय भी वासुदेव चौहान को दिया जाता है।**
**5. राजशेखर के 'प्रबंधकोष' और डॉ. दशरथ शर्मा के ग्रंथ 'द अर्ली चौहान डायनेस्टी' से भी इनके बारे में ऐतिहासिक जानकारी प्राप्त होती है।**
**सही कूट (Code) का चयन करें:**
(a) केवल 1, 2 और 5 सही हैं।
(b) केवल 3 और 4 सही हैं।
(c) सभी कथन सत्य हैं।
(d) केवल 2, 3 और 4 सही हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**14. मेवाड़ के गुहिल शासक जैत्रसिंह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. जैत्रसिंह ने परमारों को पराजित कर चित्तौड़ पर अधिकार किया और उसे अपनी नई राजधानी बनाया।**
**2. भूताला के युद्ध (1227 ई.) का वर्णन जयसिंह सूरी के ग्रंथ 'हम्मीर मदमर्दन' में मिलता है, जिसमें इल्तुतमिश को 'हम्मीर' कहा गया है।**
**3. जैत्रसिंह के कुशल और पराक्रमी सेनापतियों के नाम 'मदन और बालक' थे।**
**4. इतिहासकार जी.एच. ओझा ने जैत्रसिंह को 'रण रसिक' की संज्ञा दी है।**
**5. डॉ. दशरथ शर्मा के अनुसार जैत्रसिंह का शासनकाल 'मध्यकालीन मेवाड़ का स्वर्णकाल' माना जाता है।**
**सही कूट (Code) का चयन करें:**
(a) केवल 1, 2 और 5 सही हैं।
(b) केवल 3 और 4 सही हैं।
(c) केवल 2, 4 और 5 सही हैं।
(d) सभी कथन सत्य हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**15. अलाउद्दीन खिलजी के चित्तौड़ आक्रमण (1303 ई.) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए–**
**1. अलाउद्दीन खिलजी ने 1303 ई. को लगभग 07 माह के घेरे के बाद चित्तौड़ पर अधिकार किया था।**
**2. चित्तौड़ के प्रथम साके में रानी पद्मिनी के नेतृत्व में लगभग 1600 वीरांगनाओं ने जौहर किया था।**
**3. विजय के पश्चात अलाउद्दीन ने चित्तौड़ का नाम बदलकर 'खिज्राबाद' कर दिया और अपने पुत्र खिज्र खाँ को वहां का प्रशासक नियुक्त किया।**
**4. खिज्र खाँ ने चित्तौड़गढ़ की तलहटी में एक मकबरे का निर्माण करवाया, जिसके फारसी लेख में खिलजी को 'ईश्वर की छाया' और 'संसार का रक्षक' कहा गया है।**
**5. इस युद्ध के दौरान अलाउद्दीन खिलजी ने चित्तौड़ की जनता के प्रति उदारता दिखाते हुए नरसंहार पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 5
(c) केवल 2 और 4
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**16. खानवा के युद्ध के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए सही कूट का चयन कीजिए–**
**1. यह युद्ध 17 मार्च, 1527 को भरतपुर की रूपवास तहसील में बाबर और राणा सांगा के मध्य लड़ा गया।**
**2. इस युद्ध में विजय के बाद भारत में मुगल सत्ता की वास्तविक स्थापना हुई।**

**3. बाबर ने इस युद्ध में 'तुलुगमा पद्धति' और 'तोपखाने' का सफल प्रयोग किया था।**
**4. राणा सांगा ने युद्ध हेतु हिंदू शासकों को एकत्रित करने के लिए 'पाती परवन' परंपरा को पुनर्जीवित किया।**
**5. युद्ध जीतने के लिए बाबर ने 'तमगा कर' (व्यापारिक कर) को बढ़ा दिया और जिहाद की घोषणा की।**
**उपरोक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 2, 3 और 4 (d) उपरोक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**17. राव चन्द्रसेन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. गौरीशंकर हीराचंद ओझा ने राव चन्द्रसेन को 'मारवाड़ का भूला-बिसरा राजा' (Forgotten Hero of Marwar) कहा है।**
**2. राव चन्द्रसेन को महाराणा प्रताप का 'अग्रगामी' और 'पथ-प्रदर्शक' माना जाता है।**
**3. विश्वेश्वर नाथ रेऊ ने राव चन्द्रसेन की तुलना प्रताप से करते हुए उन्हें 'मारवाड़ का प्रताप' कहा है।**
**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 3 (d) कोई भी नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**18. राजस्थान में 1857 के विद्रोह के निम्नलिखित केन्द्रों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए -**
**(अ) एरिनपुरा (ब) नीमच**
**(स) नसीराबाद (द) आउवा**
(a) (द), (ब), (अ), (स)
(b) (स), (अ), (द), (ब)
(c) (स), (ब), (अ), (द)
(d) (अ), (स), (ब), (द)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**19. 1857 की क्रांति के दौरान नसीराबाद छावनी में हुए विद्रोह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**I. नसीराबाद छावनी में 15वीं व 30वीं बंगाल नेटिव इन्फेंट्री, भारतीय तोपखाना टुकड़ी तथा पहली बंबई लांसर्स के सैनिक तैनात थे।**
**II. नसीराबाद में विद्रोह का प्रारंभ 15वीं बंगाल नेटिव इन्फेंट्री के सैनिकों द्वारा बख्तावर सिंह के नेतृत्व में किया गया था।**
**III. 30 मई 1857 को 30वीं बंगाल नेटिव इन्फेंट्री के सैनिक भी इस विद्रोह में सम्मिलित हो गए थे।**
**उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल I और II (b) केवल II और III
(c) केवल I और III (d) I, II और III सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**20. समाचार पत्र सम्पादक सुमेलित कीजिये -**
**(A) राजस्थान पत्रिका 1. समर्थ दान**
**(B) राजस्थान समाचार 2. रामप्रताप शर्मा**
**(C) सर्वहित 3. जय नारायण व्यास**
**(D) आंगीवाण 4. बख्शी लक्ष्मण सिंह**
(a) A-4, B-2, C-1, D-3 (b) A-2, B-1, C-4, D-3
(c) A-4, B-1, C-2, D-3 (d) A-1, B-2, C-3, D-4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**21. नीचे दिए गए कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़ें–**
**कथन (A): राजस्थान के अधिकांश प्रजामंडल आंदोलनों का मुख्य लक्ष्य ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकना और रियासतों में पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त करना था।**
**कारण (R): प्रजामंडल 'उत्तरदायी शासन' (Responsible Government) की स्थापना और राजाओं के संरक्षण में नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए गठित किए गए थे।**
**कूट (Codes):**
(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**22. बिजोलिया आन्दोलन के विषय में कौन-से कथन सत्य है?**
**1.1903 ई. में, राव कृष्ण सिंह ने बिजोलिया क्षेत्र में चंवरी कर लगाया।**
**2. पृथ्वी सिंह ने मेवाड़ द्वारा नये जागीरदार से 'तलवार बंधाई' के रूप में ली गई रकम का भार जनता पर डाल दिया।**
**3. विरोध स्वरूप किसानों ने सम्पूर्ण जागीर में हल नहीं चलाया।**
**4. पृथ्वी सिंह ने गलती को समझा और किसानों को कुछ रियायतें देने की घोषणा की।**
**कूट:-**
(a) 2, 3, 4 (b) 1, 2, 3
(c) 1, 3, 4 (d) 1 और 2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**23. उदयपुर राज्य में वर्ष 1818 में भील विद्रोह के कारण थे-**
**1. भीलों को सेना में से निकालना।**
**2. अंग्रेजों की भील दमन नीति।**
**3. वनों पर राज्य का अधिकार।**
**4. भीलों के रखवाली एवं बोलाई कर वसूल करने का अधिकार समाप्त।**
(a) 1, 2 (b) 1, 4
(c) 1, 3, 4 (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**24. राजस्थान के एकीकरण से सम्बन्धित कथनों पर विचार कीजिए:**
**A. 1950 ई. में सिरोही राज्य का दो भागों में विभाजन कर दिया गया।**
**B. 1950 ई. में सिरोही राज्य की आबू रोड एवं दिलवाड़ा तहसील बंबई प्रान्त में मिला दी गई थीं।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिये:**
(a) केवल A सही है। (b) केवल B सही है।
(c) A और B दोनों सही हैं। (d) A और B दोनों गलत हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**25. लोकदेवता तेजाजी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए असत्य कूट का चयन कीजिए–**
**कथन:**
**1. तेजाजी का जन्म खरनाल में नागवंशीय जाट परिवार में हुआ था।**
**2. इन्हें 'काला और बाला के देवता' तथा 'कृषि कार्यों के उपकारक देवता' के रूप में पूजा जाता है।**
**3. तेजाजी ने लाछा गुर्जरी की गायों को मेर के मीणाओं से छुड़ाने हेतु अपने प्राणों का उत्सर्ग किया था।**
**4. इनका मुख्य मेला भाद्रपद शुक्ल दशमी को परबतसर में भरता है, जो आय की दृष्टि से राज्य का सबसे बड़ा पशु मेला है।**

**5. तेजाजी का नया मंदिर बनाने के लिए भावतां से ज्योति लाई जाती है।**

**कूट (Options):**

(a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 5
(c) केवल 3 और 5 (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**26. सुमेलित कीजिए-**

| कुलदेवी | जाति |
|---|---|
| (A) करणी माता | (1) नाई |
| (B) सकराय माता | (2) सीरवी |
| (C) आई माता | (3) खण्डेलवाल |
| (D) नारायणी माता | (4) चारण |

**कूट:**

(a) A-4, B-3, C-2, D-1 (b) A-4, B-3, C-1, D-2
(c) A-1, B-2, C-3, D-4 (d) A-3, B-2, C-4, D-1
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**27. गागरोण दुर्ग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**कथन I: यह दुर्ग कालीसिंध और आहू नदी के संगम पर स्थित एक 'जल दुर्ग' (औदक दुर्ग) है, जिसका निर्माण 11वीं सदी में परमार शासकों द्वारा करवाया गया था।**

**कथन II: इस दुर्ग का प्राचीन नाम 'गर्गराटपुर' था और इसे डोडगढ़ या धुलरगढ़ के नाम से भी जाना जाता है।**

**कथन III: यहाँ सूफी संत 'मिट्ठे साहब' की दरगाह, औरंगजेब द्वारा निर्मित बुलंद दरवाजा और संत पीपा की छतरी स्थित है।**

**कथन IV: दुर्ग में स्थित विशाल परकोटे का निर्माण कोटा के शासक दुर्जनशाल द्वारा करवाया गया था, जिसे 'जालिमकोट' कहा जाता है।**

**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(a) केवल I, II और III (b) केवल II, III और IV
(c) केवल I और III (d) I, II, III और IV सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**28. नाथद्वारा स्थित श्रीनाथ जी मंदिर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**I. इस मंदिर का निर्माण 1671-72 ई. में मेवाड़ के महाराणा राजसिंह द्वारा करवाया गया था।**

**II. यह वल्लभ संप्रदाय का भारत में सबसे प्रमुख और बड़ा मंदिर केंद्र है।**

**III. यहाँ कार्तिक शुक्ल एकम को अन्नकूट महोत्सव मनाया जाता है, जिसमें 'भीलों की लूट' प्रसिद्ध है।**

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(a) केवल I और III (b) केवल II
(c) I, II और III सभी (d) केवल I और II
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**29. उम्मेद भवन पैलेस (जोधपुर) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**1. इस महल का निर्माण महाराजा उम्मेदसिंह द्वारा अकाल राहत कार्यों के तहत करवाया गया था।**

**2. यह महल 'छीतर पत्थर' से निर्मित होने के कारण 'छीतर पैलेस' के नाम से भी जाना जाता है।**

**3. इसके मुख्य वास्तुविद् (Architect) हेनरी वॉगन लेंचेस्टर थे।**

**4. यह विश्व के सबसे बड़े रिहायशी महलों में से एक है और 'इंडो-डेको' शैली में बना है।**

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 4
(c) 1, 2 और 4 (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**30. उस/उन चित्रशैली/शैलियों को चिह्नित कीजिए, जहाँ मतिराम की साहित्यिक रचना रसराज का विषयवस्तु के रूप में उपयोग हुआ है :**

**(i) जोधपुर (ii) जयपुर**
**(iii) अलवर (iv) बीकानेर**

**सही कूट का चयन कीजिए :**

(a) केवल (iv) (b) (i) एवं (iv)
(c) (ii) एवं (iii) (d) केवल (i)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**31. राजस्थान के प्रमुख पशु मेलों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**1. चन्द्रभागा पशु मेला झालावाड़ के झालरापाटन में कार्तिक शुक्ल एकादशी से मार्गशीर्ष कृष्ण पंचमी तक चन्द्रभागा नदी के किनारे आयोजित होता है।**

**2. श्री मल्लीनाथ पशु मेला तिलवाड़ा में लूणी नदी के किनारे चैत्र कृष्ण एकादशी से चैत्र शुक्ल एकादशी तक आयोजित किया जाता है।**

**3. गोगामेड़ी पशु मेला हनुमानगढ़ में श्रावण पूर्णिमा से भाद्रपद पूर्णिमा तक आयोजित होता है, जबकि रामदेव पशु मेला नागौर के मानासर में भरता है।**

**4. महाशिवरात्रि पशु मेला करौली में फाल्गुन कृष्ण त्रयोदशी को लगता है और बदराना पशु मेला शेखावाटी क्षेत्र (नवलगढ़) का प्रसिद्ध मेला है।**

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4 सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**32. राजस्थान की जनजातीय प्रथाओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**कथन I: नाता प्रथा आदिवासियों में प्रचलित पुनर्विवाह का एक प्रकार है, जिसमें स्त्री अपने पति को छोड़कर किसी अन्य पुरुष के साथ रहने लगती है।**

**कथन II: भील जनजाति में 'छेड़ा-फाड़ना' परंपरा का संबंध तलाक (विवाह विच्छेद) से है।**

**कथन III: अट्टा-सट्टा प्रथा का तात्पर्य उस विवाह से है जिसमें लड़की के बदले में उसी घर की लड़की को बहू के रूप में लिया जाता है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(a) केवल I और II (b) केवल II और III
(c) केवल I और III (d) I, II और III (सभी सत्य हैं)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**33. सूची-II में दिए गए आभूषणों का मिलान सूची-I में दिए गए शरीर के उन हिस्सों से करें जहाँ उन्हें पहना जाता है।**

| सूची-I (शरीर के वे हिस्से जहाँ आभूषण पहना जाता है) | सूची-II (आभूषण) |
|---|---|
| A.पैर | i.आड़ |
| B.सिर | ii.झेला |
| C.गर्दन | iii.लंगर |
| D.कान | iv बोरला |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) A-i, B-iv, C-ii, D-iii (b) A-i, B-ii, C-iii, D-iv
(c) A-ii, B-i, C-iv, D-iii (d) A-iii, B-iv, C-i, D-ii
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**34. राजस्थान के विरह एवं अन्य लोकगीतों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**I. 'मलजी' सिरोही क्षेत्र का प्रसिद्ध विरह गीत है।**
**II. शेखावाटी प्रदेश में वर्षा ऋतु के आगमन पर 'बादली' गीत गाया जाता है।**
**III. 'कुरजाँ' गीत में विरहिणी पक्षी के माध्यम से अपने प्रियतम को संदेश भेजती है।**
**कूट (Code):**
(a) केवल I और II सत्य हैं। (b) केवल II और III सत्य हैं।
(c) केवल I और III सत्य हैं। (d) I, II और III तीनों सत्य हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**35. राजस्थान के राज्यपाल से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**(a) उसे भारत का नागरिक होना चाहिए।**
**(b) उसकी आयु कम से कम 35 वर्ष होनी चाहिए।**
**(c) उसमें लोक सभा का सदस्य बनने की योग्यता होनी चाहिए।**
**(d) वह एक से अधिक राज्यों का राज्यपाल हो सकता है।**
**कूट:**
(a) 3 तथा 4 सही हैं। (b) 1, 2 तथा 4 सही हैं।
(c) 1, 2 तथा 3 सही हैं। (d) 2 तथा 3 सही हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**36. राजस्थान के मुख्यमंत्री को चिह्नित कीजिए, जिन्होंने राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया-**
**1. मोहन लाल सुखाड़िया 2. हीरा लाल देवपुरा**
**3. शिव चरण माथुर 4. जगन्नाथ पहाड़िया**
(a) 2, 3 और 4 (b) 1, 3 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**37. विधानसभा अध्यक्ष के संबंध निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. दलबदल कानून पर निर्णय देता है।**
**2. वित्त विधेयक का प्रमाणन करता है।**
**3. त्यागपत्र राज्यपाल को देता है।**
**4. गुप्त बैठक की अनुमति दे सकता है।**
**सही उत्तर का चयन कीजिए**
(a) 1, 2, 3 (b) 1, 3
(c) 2, 4 (d) 1, 2, 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**38. राज्य के उच्च न्यायालय के बारे में निम्नलिखित पर विचार कीजिए-**
**1. संविधान के अनुच्छेद 213 में प्रावधान है कि प्रत्येक राज्य में एक उच्च न्यायालय होगा।**
**2. राज्य उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा होती है।**
**3. अनुच्छेद 226 के अन्तर्गत उच्च न्यायालय को कुछ लेख (Writs) जारी करने का अधिकार है।**
**4. भारतीय संविधान के प्रावधान के तदनुसार दो तथा दो से अधिक राज्यों के लिए एक ही उच्च न्यायालय का गठन किया जा सकता है।**
**कूट:**
(a) 2, 3 तथा 4 सही हैं। (b) 1, 3 तथा 4 सही हैं।
(c) 1 तथा 2 सही हैं। (d) 1, 2 तथा 3 सही हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**39. राजस्थान में पंचायती राज के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से सही विकल्प का चुनाव करें-**
**1. जोधपुर, भरतपुर, जयपुर, सिरोही, उदयपुर और करौली रियासतों ने पंचायतों पर कानून बनाए।**
**2. बीकानेर राज्य का अपना ग्राम पंचायत अधिनियम बहुत पहले 1928 में था।**
**3. 1949 में राजस्थान पंचायत अधिनियम बनाया गया और पूरे राज्य में ग्राम पंचायतों की स्थापना की गई।**
**सही उत्तर का चयन कीजिए**
(a) 1, 2 और 3 सही है। (b) 1 और 2 सही हैं।
(c) 2 और 3 सही हैं। (d) 1 और 3 सही हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**40. नगरपालिकाओं से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए- 74वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1992**
**1. इससे संविधान में भाग IX-A जोड़ा गया।**
**2. 12वीं अनुसूची जोड़ी गई।**
**3. नगरपालिकाओं का कार्यकाल 6 वर्ष निर्धारित किया गया।**
**4. अनुच्छेद 243P से 243ZG जोड़े गए।**
**सही उत्तर का चयन कीजिए**
**कूट:**
(a) 1, 2 तथा 4 सही हैं। (b) 1 तथा 3 सही हैं।
(c) 2, 3 तथा 4 सही हैं। (d) 1, 2, 3 तथा 4 सही हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**41. मुख्य सचिव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए**
**1. राज्य प्रशासन का सर्वोच्च प्रशासनिक अधिकारी है।**
**2. सचिवालय का किंगपिन कहा जाता है।**
**3. राज्यपाल का राजनीतिक प्रमुख होता है।**
**4. लोक सेवाओं का प्रमुख होता है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) 1, 2 (b) 1, 2, 4
(c) 2, 3 (d) 3, 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**42. आधुनिक जिला प्रशासन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**1. कलेक्टर का पद 1772 में वारेन हेस्टिंग्स द्वारा सृजित किया गया।**
**2. प्रथम कलेक्टर रॉल्फ शेल्डन थे।**
**3. कलेक्टर पद का सृजन लॉर्ड कॉर्नवालिस ने किया।**
**4. कलेक्टर पद की स्थापना राजस्व प्रशासन से संबंधित थी।**
**निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 1 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**43. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
**1. RPSC का गठन 20 अगस्त 1949 को अधिसूचना प्रकाशन से संबंधित है।**
**2. इसकी स्थापना 22 दिसम्बर 1949 को प्रभाव में आई।**
**3. प्रारम्भ में मुख्यालय अजमेर में था।**
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) केवल 1 (d) 1,2,3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**44. राजस्थान राज्य महिला आयोग के संबंध में कौन-सा /कौन-से कथन सत्य है/हैं?**
**1. आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति राज्यपाल करता है।**
**2. आयोग का गठन 15 मई, 1999 को हुआ।**
**3. यह गैर-संवैधानिक व परामर्शकारी निकाय है।**
**4. इसका कार्य महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायतें सुनना तथा उनकी जाँच करना है।**
(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 4
(c) 1, 2 (d) 1, 2, 3, 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**45. राज्य में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के संदर्भ में असत्य कथन हैं?**
(a) यह योजना वर्ष 2025 में शुरु की गई है।
(b) राज्य सरकार योजना के तहत योग्य लड़कियों को उनके विवाह के समय 20,000 से 30,000 रुपए की सहायता प्रदान करती है।
(c) आवेदक विवाह के तीन वर्ष तक योजना के तहत मिलने वाले लाभ के लिए आवेदन कर सकेंगे।
(d) उपरोक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**46. जयपुर में कुपोषित बच्चों की स्थिति सुधारने के लिए कौनसा अभियान चलाया गया।**
(a) लाडेसर अभियान (b) पोषण अभियान
(c) सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान
(d) नया सवेरा अभियान (e) अनुत्तरित प्रश्न

**47. जनवरी 2025 में राज्य में उच्च गुणवत्ता और स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए कितने दिन तक "दूध का दूध-पानी का पानी" अभियान चलाया गया।**
(a) 15 दिन (b) 21 दिन
(c) 30 दिन (d) 45 दिन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**48. आईफा अवार्ड 2025 के बारे में सत्य कथन हैं?**
(a) इसका आयोजन 8-9 मार्च को जयपुर राजस्थान में किया गया।
(b) इसके 25वें संस्करण की थीम "सिल्वर इज द न्यू गोल्ड" रखी गई है।
(c) इस कार्यक्रम के दौरान राजस्थान फिल्म टूरिज्म पॉलिसी भी लॉन्च करने की घोषणा की गई थी।
(d) उपरोक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**49. ब्रिगेडियर सवाई भवानी सिंह का स्टैच्यू राजस्थान में कहां पर लगाया गया ?**
(a) जयपुर
(b) जोधपुर
(c) अजमेर
(d) कोटा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. एशिया महाद्वीप का लगभग 30% विश्व के कुल स्थलीय क्षेत्रफल में भाग है।**
**2. एशिया की लगभग 60% वैश्विक जनसंख्या है।**
**3. एशिया पूर्णतः उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है।**
**4. मृत सागर विश्व का सबसे निम्न स्थल बिंदु है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1, 2 और 4 (b) 1 और 3
(c) 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. पृथ्वी का कुल क्षेत्रफल लगभग 510 मिलियन वर्ग किमी है।**
**2. पृथ्वी की सतह का लगभग 71% भाग महासागरों से ढका है।**
**3. स्थलमंडल का क्षेत्रफल महासागरों से अधिक है।**
**4. महासागरों का कुल क्षेत्रफल लगभग 361 मिलियन वर्ग किमी है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1, 2 और 4 (b) 1 और 3
(c) 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**52. फेरेल के नियम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए**
**1. उत्तरी गोलार्द्ध में पवन दाईं ओर मुड़ती है।**
**2. दक्षिणी गोलार्द्ध में पवन बाईं ओर मुड़ती है।**
**3. यह कॉरियोलिस बल के प्रभाव को स्पष्ट करता है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1,2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**53. पारिस्थितिक तंत्र के जैविक घटकों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. उत्पादक स्वपोषी होते हैं।**
**2. उपभोक्ता अपना भोजन स्वयं बनाते हैं।**
**3. अपघटक मृत कार्बनिक पदार्थों का विघटन करते हैं।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1,2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**54. मानव व्यवसायों के वर्गीकरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए**
**1. प्राथमिक व्यवसाय प्राकृतिक संसाधनों के प्रत्यक्ष उपयोग से जुड़े होते हैं।**
**2. द्वितीयक व्यवसाय कच्चे माल को परिवर्तित करते हैं।**
**3. तृतीयक व्यवसाय सेवा क्षेत्र से संबंधित हैं।**
**4. पंचम व्यवसाय निर्णय-निर्माण व नीति-निर्धारण से जुड़े होते हैं।**
**सही विकल्प–**
(a) 1 व 2 (b) 1, 2 व 3
(c) केवल 4 (d) 1, 2, 3 व 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**55. हिमालय पर्वत के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**
**1. हिमालय एक नवीन मोड़दार पर्वतमाला है।**
**2. इसका निर्माण मुख्यतः संपीडन बलों से हुआ है।**
**3. हिमालय पूरी तरह स्थिर भू-भाग है।**

सही विकल्प चुनिए—
(a) केवल 1 व 2 (b) केवल 2 व 3
(c) केवल 1 (d) 1, 2 व 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**56. भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारकों के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**
**1. अक्षांशीय स्थिति 2. समुद्र से दूरी**
**3. हिमालय पर्वत की स्थिति 4.समुद्र तल से ऊँचाई**
**सही विकल्प चुनिए—**
(a) केवल 1 व 2 (b) केवल 1, 2 व 3
(c) 1, 2, 3 व 4 (d) केवल 3 व 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**57. भारत की झीलों के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. वूलर झील भारत की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है।**
**2. चिल्का झील भारत की सबसे बड़ी लैगून झील है।**
**3. लोकटक झील तैरते द्वीपों के लिए प्रसिद्ध है।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) केवल 1 व 2 (b) केवल 2 व 3
(c) 1, 2 व 3 (d) केवल 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**58. भारत में वनों के वितरण के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. भारत के कुल क्षेत्रफल का लगभग 23% भाग वनाच्छादित है।**
**2. मध्यप्रदेश भारत में सर्वाधिक वन क्षेत्र वाला राज्य है।**
**3. अरुणाचल प्रदेश में वनावरण का प्रतिशत सबसे अधिक है।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) केवल 1 व 2 (b) केवल 2 व 3
(c) 1, 2 व 3 (d) केवल 1
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**59. जैव विविधता हॉटस्पॉट के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**
**1. पश्चिमी घाट 2. हिमालय**
**3. इंडो-बर्मा क्षेत्र 4. सुंडालैंड**
**सही विकल्प चुनिए—**
(a) केवल 1 व 2 (b) केवल 1, 2 व 3
(c) केवल 2, 3 व 4 (d) 1, 2, 3 व 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**60. भारत के कृषि क्षेत्र के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार करें**
**1. कृषि एवं संबद्ध गतिविधियाँ वर्तमान मूल्यों पर राष्ट्रीय आय में लगभग पाँचवाँ हिस्सा योगदान देती हैं।**
**2. देश की लगभग 46% कार्यबल कृषि क्षेत्र में कार्यरत है।**
**3. कृषि क्षेत्र का योगदान सेवा क्षेत्र से अधिक है।**
**कौन से कथन सही हैं?**
(a) 1 और 2 (b) केवल 2
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**61. भारत के सेवा निर्यात के संदर्भ में विचार करें**
**1. भारत आईटी सेवाओं के निर्यात में अग्रणी देशों में है।**
**2. सेवा निर्यात विदेशी मुद्रा अर्जन का महत्वपूर्ण स्रोत है।**
**3. सेवा निर्यात केवल पर्यटन पर आधारित है।**
**सही विकल्प**
(a) 1 और 2 (b) केवल 1
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**62. भारत के विनिर्माण क्षेत्र के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार करें**
**1. विनिर्माण क्षेत्र का विकास आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।**
**2. वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भागीदारी से विनिर्माण क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ती है।**
**3. भारत का विनिर्माण क्षेत्र वैश्विक व्यापार से पूरी तरह अलग है।**
**सही विकल्प चुनिए**
(a) 1 और 2 (b) केवल 2
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**63. भारत के आर्थिक विकास के संदर्भ में विचार करें**
**1. औद्योगिक विकास आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देता है।**
**2. तकनीकी प्रगति उत्पादकता बढ़ा सकती है।**
**3. आर्थिक विकास का वैश्विक व्यापार से कोई संबंध नहीं है।**
**सही विकल्प**
(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**64. आर्थिक जटिलता सूचकांक (Economic Complexity Index) के संदर्भ में विचार करें**
**1. यह किसी देश की उत्पादन क्षमता और विविधता को दर्शाता है।**
**2. उच्च आर्थिक जटिलता उच्च तकनीकी क्षमता का संकेत हो सकती है।**
**3. इसका निर्यात संरचना से कोई संबंध नहीं है।**
**सही विकल्प**
(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**65. भारत सरकार अधिनियम, 1935 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**1. इसमें ब्रिटिश भारतीय प्रांतों और रियासतों के संघ के आधार पर एक अखिल भारतीय संघ की स्थापना का प्रावधान किया गया।**
**2. रक्षा और विदेशी मामलों को संघीय विधायिका के नियंत्रण में रखा गया।**
**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**66. संविधान सभा के गठन के संबंध में विचार कीजिए—**
**1. इसका गठन कैबिनेट मिशन योजना 1946 के तहत हुआ।**
**2. सदस्य प्रत्यक्ष वयस्क मताधिकार से चुने गए।**
**3. देशी रियासतों के प्रतिनिधि नामित किए गए।**
(a) केवल 1 (b) 1 और 3
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**67. डॉ. भीमराव अंबेडकर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—**
**1. वे आधुनिक भारतीय राजनीतिक विचारक थे।**
**2. उन्हें 'दलितों के मसीहा' कहा जाता है।**
**3. उन्हें भारतीय संविधान का प्रमुख निर्माता माना जाता है।**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 1 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**68. संविधान के प्रारंभ (26 जनवरी 1950) के समय नागरिकता के संबंध में—**
**1. अनुच्छेद 5 नागरिकता का प्रावधान करता है।**
**2. अनुच्छेद 6 पाकिस्तान से आए प्रवासियों से संबंधित है।**
**3. अनुच्छेद 7 बर्मा से आए प्रवासियों से संबंधित है।**
(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**69. सूची-I को सूची -II से सुमेलित कीजिए :**
**सूची-I (अधिकार)**
**a. समानता का अधिकार**
**b. स्वतन्त्रता का अधिकार**
**c. सांस्कृतिक और शैक्षणिक अधिकार**
**d. शोषणाकेविरुद्ध अधिकार**
**सूची-II (सम्बन्धित है)**
**I. जीवन और व्यक्तिगृत स्वतंत्रता की सुरक्षा**
**II. मानव तस्करी और जबरन श्रम पर प्रतिबंध**
**III. सैन्य और शैक्षणिक उपाधियों को छोड़कर अन्य उपाधियों का उन्मूलन**
**IV. अल्पसंख्यकों को शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने और उनका प्रशासन करने का अधिकार**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(a) a - IV, b - III, c - II, d - I
(b) a - III, b - I, c - IV, d - II
(c) a - I, b - II, c - III, d - IV
(d) a - II, b - IV, c - Il d – III
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**70. देश के वनों तथा वन्य जीवन समेत पर्यावरण का संरक्षण एवं सुधार है :**
(a) राज्य का नीति निदेशक तत्त्व एवं नागरिकों का मूल कर्तव्य
(b) केवल नागरिकों का मूल कर्तव्य
(c) केवल मूल अधिकार
(d) केवल राज्य का नीति निदेशक तत्त्व
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**71. संविधान में मूल कर्तव्यों को किस समिति की अनुशंक पर शामिल किया गया**
(a) कर्ण सिंह समिति
(b) कृपलानी समिति
(c) स्वर्ण सिंह समिति
(d) अशोक मेहता समिति
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**72. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. भारत के राष्ट्रपति का निर्वाचन अप्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणाली द्वारा होता है।**
**2. राष्ट्रपति का चुनाव संसद और राज्य विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्यों द्वारा किया जाता है।**
**3. राष्ट्रपति का चुनाव प्रत्यक्ष वयस्क मताधिकार से होता है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**73. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. उपराष्ट्रपति का निर्वाचन संसद के दोनों सदनों के सदस्यों द्वारा किया जाता है।**
**2. राज्य विधानसभाएँ उपराष्ट्रपति के निर्वाचन में भाग लेती हैं।**
**3. निर्वाचन आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली से होता है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 3 (b) केवल 2
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**74. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।**
**2. राष्ट्रपति लोकसभा में बहुमत दल के नेता को ही प्रधानमंत्री नियुक्त करने के लिए बाध्य है।**
**3. प्रधानमंत्री को लोकसभा का सदस्य होना अनिवार्य है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) केवल 2 (b) 1 और 3
(c) केवल 1 (d) 1, 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**75 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना संविधान के अनुच्छेद 124 के अंतर्गत हुई है।**
**2. सर्वोच्च न्यायालय का मुख्यालय नई दिल्ली में है।**
**3. संसद की अनुमति से इसका मुख्यालय किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जा सकता है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 2 (b) केवल 3
(c) 1, 2 और 3 (d) 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**76. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. भारतीय संसद राष्ट्रपति, लोकसभा और राज्यसभा से मिलकर बनती है।**
**2. राष्ट्रपति संसद का अभिन्न अंग है।**
**3. संसद केवल लोकसभा और राज्यसभा से मिलकर बनती है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) केवल 3 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**77. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. चुनाव आयोग का गठन संविधान के अनुच्छेद 324 के अंतर्गत हुआ है।**
**2. चुनाव आयोग एक बहुसदस्यीय निकाय है।**
**3. संविधान में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों का प्रावधान है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) केवल 2 (b) 1 और 3
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**78. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. भारत की विदेश नीति का आधार शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व है।**
**2. पंचशील सिद्धांत 1954 में भारत और चीन के बीच हुआ था।**
**3. पंचशील सिद्धांत का उद्देश्य सैन्य गठबंधन स्थापित करना था।**
**सही विकल्प चुनिए –**

(a) केवल 3 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**79. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. जवाहरलाल नेहरू गुटनिरपेक्ष आंदोलन के संस्थापक नेताओं में थे।**
**2. गुटनिरपेक्षता का अर्थ तटस्थता था।**
**3. गुटनिरपेक्ष नीति का उद्देश्य स्वतंत्र विदेश नीति बनाए रखना था।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) केवल 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**80. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. भारत-अमेरिका संबंधों में प्रौद्योगिकी सहयोग बढ़ा है।**
**2. भारत औपचारिक रूप से नाटो का सदस्य है।**
**3. दोनों देशों के बीच रक्षा अभ्यास नियमित रूप से होते हैं।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 3 (b) केवल 2
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**81. निम्नलिखित में से कौन-सी, शिक्षा मनोविज्ञान की विशेषता नहीं है?**
(a) शिक्षा मनोविज्ञान का मुख्य केंद्र दर्शनशास्त्र का अध्ययन करना है।
(b) शिक्षा मनोविज्ञान का मुख्य केंद्र मानव व्यवहार है।
(c) शिक्षा मनोविज्ञान शैक्षिक परिस्थिति में मानव व्यवहार का अध्ययन करता है।
(d) शिक्षा मनोविज्ञान शिक्षण अधिगम प्रक्रिया हेतु सरल मार्ग प्रशस्त करता है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**82. शैक्षिक मनोविज्ञान की वैज्ञानिक प्रकृति के विषय में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही <u>नहीं</u> है?**
(a) इसमें वैज्ञानिक विधियों और प्रविधियों का अनुप्रयोग होता है।
(b) यह व्यवहार के आकलन के लिए व्यक्तिनिष्ठता पर बल देता है।
(c) यह शिक्षण-अधिगम परिस्थितियों में व्यवहार को समझने, भविष्यवाणी करने और नियन्त्रित करने में सहायक है।
(d) इसके सुव्यवस्थित सिद्धांत नियमों द्वारा समर्थित हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**83. निम्नांकित में से किसके मत के अनुसार ज्ञान की रचना में सामाजिक अंत:क्रिया की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है?**
(a) जीन पियाजे (b) लेव वायगोत्स्की
(c) जे. बी. वाटसन (d) बी.एफ. स्किनर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**84. निम्नलिखित में से कौन-से निर्धारक बालकों के शारीरिक विकास को प्रभावित करते हैं?**
**(a) वंशानुक्रम (b) पोषण**
**(c) विद्यालय में खेल (d) अन्त:स्रावी ग्रंथियाँ**
**सही कूट का चयन कीजिए :**
**कूट -**
(a) (a) एवं (b) (b) (c) एवं (d)
(c) (a), (b) एवं (d) (d) (a), (b), (c) एवं (d)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**85. कोहलबर्ग के नैतिक विकास सिद्धांत के अनुसार, 'आत्म-परिपूरक पारस्परिकता' नैतिक विकास के किस चरण की विशेषता है?**
(a) सामाजिक अनुबंध उन्मुखता
(b) साधनात्मक सापेक्षवादी उन्मुखता
(c) दण्ड एवं आज्ञाकारिता उन्मुखता
(d) सामाजिक व्यवस्था संरक्षण उन्मुखता
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**86. अधिगम का सम्बद्ध-प्रतिक्रिया सिद्धांत निम्न में से किसने प्रतिपादित किया?**
(a) बी.एफ. स्किनर (b) सी.एल. हल
(c) ई.एल. थार्नडाइक (d) आई.पी. पॉवलाव
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**87. बालक का भाषा विकास जन्म के समय रोने की साधारण क्रिया से प्रारम्भ होता है, फिर विभेदीकरण प्रारम्भ होता है और बालक क्रमश: बहुत से शब्दों की शब्दावली प्राप्त कर लेता है। उपरोक्त उदाहरण में निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धान्त प्रतिबिंबित होता है?**
(a) विकास आनुवंशिकी और वातावरण का उत्पाद है।
(b) विकास सामान्य से विशिष्ट की ओर अग्रसर होता है।
(c) विकास पूर्वानुमानीय है।
(d) विकास एक व्यक्तिगत प्रक्रिया है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**88. अधिगम के केन्द्रीय विचार नीचे दिए जा रहे हैं?**
**I. अधिगमकर्त्ता अपने ज्ञान के निर्माण हेतु सक्रिय रहते हैं।**
**II. ज्ञान निर्माण प्रक्रिया में सामाजिक अन्त: क्रिया महत्त्वपूर्ण होती है।**
**उपर्युक्त दो केंद्रीय विचारों के आधार पर, निर्मितवादी अधिगम के संदर्भ में कौन-सा विकल्प सही है?**
(a) केवल I आवश्यक है। (b) केवल II आवश्यक है।
(c) I एवं II दोनों आवश्यक हैं। (d) I एवं II दोनों आवश्यक नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**89. कैटेल के अनुसार, वे लक्षण जिन्हें व्यवहार की प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति द्वारा आसानी से पहचाना जा सकता है, कहलाते हैं-**
(a) स्रोत शीलगुण (b) सतही शीलगुण
(c) गत्यात्मक शीलगुण (d) क्षमता शीलगुण
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**90. फ्रायड के अनुसार मन की संरचना की सही कोटि है-**
(a) अति अहम्- इदम्- अहम् (b) इदम्-अहम्- अति अहम्
(c) अहम्- अति अहम्- इदम् (d) इदम्- अति अहम्- अहम्
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**91. प्रिया अपनी सहपाठी के उच्चतम अंक आने पर उससे ईर्ष्या एवं घृणा करती है किन्तु प्रत्यक्ष में वह हमेशा अपनी सहपाठी को उच्चतम अंक आने पर बधाई देती है एवं मंगलकामना व्यक्त करती है। प्रिया द्वारा समायोजन हेतु अपनाई गई रक्षात्मक युक्ति का नाम क्या है?**
(a) प्रतिक्रिया निर्माण (प्रतिकरण)
(b) उदात्तीकरण
(c) युक्तिकरण
(d) रूपान्तरण
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**92. भग्नाशा एवं मानसिक द्वंद्व के कारण है-**
(a) जैविकीय एवं भौतिक कारण
(b) संवेगात्मक कारण
(c) सामाजिक कारण
(d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**93. डैनियल गोलमैन द्वारा प्रस्तुत संवेगात्मक बुद्धि के मिश्रित निदर्श में निम्नलिखित में से कौनसा कंस्ट्रक्ट सम्मिलित नहीं है?**
(a) स्वबोध
(b) सामाजिक कौशल
(c) स्वनियमन
(d) सहानुभूति
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**94. स्टेनफॉर्ड बिनेट स्केल से एक व्यक्ति के निम्नलिखित गुण को मापा जाता है-**
(a) बौद्धिक
(b) सृजनात्मकता
(c) अभिवृत्ति
(d) व्यक्तित्व
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**95. निम्नलिखित में से कौन-सा अभिप्रेरणा का परिप्रेक्ष्य विद्यार्थी के व्यक्तिगत विकास, उसके अपने भाग्य चयन की स्वतंत्रता और सकारात्मक गुणों की क्षमता पर बल देता है?**
(a) व्यवहारवादी
(b) संज्ञानात्मक
(c) सामाजिक
(d) मानवतावादी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**96. दृढ़कथन (A) - शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में अभिप्रेरणा आवश्यक है।**
**कारण (R) - अभिप्रेरणा अभिप्राय को स्पष्ट करती है और लक्ष्य की ओर आकर्षित करती हैं।**
**कूट -**
(a) सिर्फ (A) सही है एवं (R) गलत है।
(b) सिर्फ (A) सही है।
(c) सिर्फ (R) सही है।
(d) (A) एवं (R) दोनों सही हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**97. शैक्षिक मनोविज्ञान अन्तर्निहित क्षमताओं तथा सक्षमताओं का अध्ययन करता है-**
(a) व्यक्तिगत विभिन्नताओं का
(b) समूह भिन्नताओं का
(c) व्यक्तिगत क्षमताओं का
(d) व्यक्तिगत संक्षमताओं का
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**98. समावेशी शिक्षा में शिक्षक की भूमिका क्या होती है?**
(a) केवल पाठ्यपुस्तक पढ़ाना
(b) सभी छात्रों को समान गति से पढ़ाना
(c) छात्रों की भिन्न आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षण करना
(d) केवल मेधावी छात्रों पर ध्यान देना
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**99. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक कथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में।**
**कथन (A): 21वीं सदी की शिक्षा में आलोचनात्मक सोच को प्रमुख कौशल माना जाता है।**
**कारण (R): आलोचनात्मक सोच व्यक्ति को सूचना का विश्लेषण करके तार्किक निर्णय लेने में सक्षम बनाती है।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है
(b) A और R दोनों सही हैं पर R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A सही है पर R गलत है
(d) A गलत है पर R सही है
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**100. 21वीं सदी के जीवन कौशलों में निम्नलिखित में से कौन-से सम्मिलित हैं**
**1. अनुकूलन क्षमता**
**2. नेतृत्व**
**3. उत्तरदायित्व**
**4. सामाजिक सहभागिता**
**5. पूर्णतः व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) 1,2 और 3 (b) 1,2,3 और 4
(c) 2,3 और 5 (d) 1 और 5
(e) अनुत्तरित प्रश्न

♦♦♦♦

**1. [b]**

**व्याख्या:–**

- रामदेवरा: यह जैसलमेर मुख्यालय के पूर्व में पोकरण के पास स्थित है।
- दक्षिणतम जिला: राजस्थान का सबसे दक्षिणतम जिला बाँसवाड़ा है, राजसमंद नहीं।
- सोजत व मारवाड़ जंक्शन: ये दोनों स्थान भौगोलिक और प्रशासनिक रूप से पाली जिले में स्थित हैं।
- अक्षांशीय स्थिति: झुंझुनूं (उत्तर) का अक्षांश जोधपुर (मध्य) से अधिक है, इसलिए झुंझुनूं अधिक उत्तर में है।

**2. [a]**

**व्याख्या:–**

- कथन 1 सही – थार मरुस्थल को प्राचीन टेथिस सागर का अवशेष माना जाता है।
- कथन 2 सही – राजस्थान के क्षेत्रफल का लगभग दो-तिहाई भाग मरुस्थलीय है।
- कथन 3 सही – थार मरुस्थल का कुल क्षेत्रफल लगभग 2,38,254 वर्ग किमी माना जाता है।
- कथन 4 गलत – थार मरुस्थल अरावली पर्वतमाला के पश्चिमी भाग में स्थित है, न कि पूर्वी भाग में।

**3. [b]**

**व्याख्या:-**

- कथन 1 असंगत है क्योंकि राजस्थान उष्ण कटिबन्ध में स्थित है, शीत कटिबन्ध में नहीं।
- कथन 2 संगत है, क्योंकि समुद्र से दूरी के कारण महाद्वीपीय जलवायु पाई जाती है।
- कथन 3 संगत है क्योंकि अरावली की दिशा मानसूनी हवाओं के समानान्तर होने से वर्षा कम होती है।
- कथन 4 संगत है, क्योंकि ऊँचाई बढ़ने पर तापमान घटता है, इसलिए माउंट आबू ठण्डा है।
- कथन 5 संगत है क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ से सर्दियों में मावठ की वर्षा होती है।

**4. [a]**

**व्याख्या:-**

- घग्घर नदी हिमालय से निकलकर राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के टिब्बी क्षेत्र से प्रवेश करती है।
- यह नदी समुद्र तक नहीं पहुँचती, बल्कि मरुस्थल में अंतः प्रवाहित होकर लुप्त हो जाती है।
- इस कारण इसका जल स्थायी रूप से प्रवाहित नहीं रहता, इसलिए इसे "मृत नदी" कहा जाता है।
- यह अंतः प्रवाहित अपवाह तंत्र का प्रमुख उदाहरण है।

**5. [d]**

**व्याख्या:-**

| | सूची-I (मृदा) | सूची-II (अभिलक्षण) |
|---|---|---|
| (a) | नवीन जलोढ़ मृदा | खादर |
| (b) | काली मिट्टी | पोटाश और लाइम (चून) की प्रचुरता |
| (c) | लेटेराइट मिट्टी | नाइट्रोजन और पोटाश की कमी |
| (d) | पर्वतीय मिट्टी | ककड़ और पत्थर |

**6. [d]**

**व्याख्या:-**

- पलाश वन (ब्यूटिया मोनोस्पर्मा) पथरीले और कठोर धरातल, पठारी पहाड़ियों, और कंकड़ मैदानों में पाए जाते हैं।
- पलाश के वनो को **जंगल की ज्वाला** (Fire of Forest) कहा जाता है।
- ये उष्णकटिबंधीय/शुष्क पर्णपाती वन है।
- ये अलवर, अजमेर, सिरोही, उदयपुर, पाली, राजसमंद और चित्तौड़गढ़ में फैले हैं।
- पलाश वन कम मिट्टी वाले क्षेत्रों में भी उगते हैं।

**7. [a]**

**व्याख्या:-**

- जनगणना **2011** के अनुसार राजस्थान में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या **13.5%** है।
- जनजातियों की कुल संख्या के आधार पर राजस्थान का देश में चौथा स्थान है।
- जनजातीय प्रतिशत के आधार पर राजस्थान का देश में **13**वाँ स्थान है।
- सर्वाधिक दशकीय वृद्धि दर सहरिया जनजाति में दर्ज की गई, मीणा में नहीं।
- जनजातीय लिंगानुपात सर्वाधिक डूंगरपुर जिले में पाया जाता है।

**8. [a]**

**व्याख्या:-**

- जनगणना 2011 में राजस्थान का स्थान 8वाँ था।
- उस समय तेलंगाना अलग राज्य नहीं था (तेलंगाना 2 जून 2014 को बना)।
- तेलंगाना बनने के बाद आंध्र प्रदेश की जनसंख्या कम हुई और राजस्थान 7वें स्थान पर आ गया।

**9. [d]**

**व्याख्या:-**

| | |
|---|---|
| A. मक्का | II. 50 सेमी-100 सेमी |
| B. ज्वार | IV. 40 सेमी-80 सेमी |
| C. गन्ना | I. 100 सेमी-120 सेमी |
| D. मूंगफली | III. 50 सेमी-125 सेमी |

**10. [c]**

**व्याख्या:-**

- बकरी विकास एवं चारा उत्पादन केन्द्र **रामसर (अजमेर)** में स्थित है, न कि बस्सी (जयपुर) में।
- बस्सी (जयपुर) में **गाय-भैंस का कृत्रिम गर्भाधारण केन्द्र (फ्रोजन सिमन बैंक)** स्थित है।

**11. [a]**

**व्याख्या:-**

सही सुमेलन इस प्रकार है –

| | |
|---|---|
| खुरड़ी व कुराड़ा | परबतसर (डीडवाना) |
| अहेड़ा, बूढ़ा पुष्कर व होकरा | अजमेर |
| कुण्डा व ओला तथा रातड़िया री डेरी | जैसलमेर |
| चक-84, चक-64, बरोर, बिनजौर, तरखानवाला डेरा व अनूपगढ़ | श्रीगंगानगर |
| आलनियाँ व दर्रा | कोटा |
| बागौर, मंडपिया, लाछुरा व जहाजपुर | भीलवाड़ा |

**12. [d]**

**व्याख्या:-**

- 750-1000 ईस्वी के दौरान, राजस्थान और अधिकांश उत्तरी भारत पर **प्रतिहार वंश** ने शासन किया था।
- आठवीं से दसवीं शताब्दी तक राजस्थान में प्रतिहार राजवंश का वर्चस्व रहा था।
- राजस्थान के दक्षिण–पश्चिम में स्थित **गुर्जरत्रा क्षेत्र** में प्रतिहार वंश का शासन रहा था।
- प्रतिहार शब्द का शाब्दिक अर्थ **'रक्षक' व 'द्वारपाल'** होता है।

- प्रतिहार स्वयं को **लक्ष्मण (सौमित्र) के वंशज तथा रघुवंशी क्षत्रिय** मानते हैं।
- **डॉ. आर सी. मजूमदार** के अनुसार गुर्जर–प्रतिहारों ने छठी से बारहवीं शताब्दी तक अरब आक्रमणकारियों के लिए बाधक का कार्य किया।
- **चंदेल वंश के शिलालेख** में गुर्जर–प्रतिहार शब्द का उल्लेख मिलता है।
- अरब यात्रियों ने प्रतिहारों को **'जुर्ज'** कहा है।
- चीनी यात्री ह्वेनसांग ने इन्हें **'कू-चे-लो'** कहा है।
- घटियाला शिलालेख (861 ई.) व बाउक प्रशस्ति (837 ई.) में प्रतिहारों को 'ब्राह्मण' कहा गया है।
- मिहिरभोज के शासनकाल में रचित **'ग्वालियर प्रशस्ति'** में प्रतिहारों को इक्ष्वाकु कुल के रघुवंशी क्षत्रिय तथा लक्ष्मण का वंशज कहा गया है।
- बुचकला शिलालेख (815 ई.) व राजौरगढ़ अभिलेख (960 ई.) से भी प्रतिहार वंश के बारे में जानकारी प्राप्त होती है।

**13. [c]**

**व्याख्या:-**

**वासुदेव चौहान -**

- इसे चौहान वंश का संस्थापक/आदिपुरुष/मूलपुरुष माना जाता है।
- **बिजौलिया शिलालेख** (1170 ई.), राजशेखर के **प्रबंधकोष,** चंद्रशेखर के **'सुर्जन चरित्र' व डॉ. दशरथ शर्मा के ग्रंथ 'द अर्ली चौहान डायनेस्टी'** के अनुसार शाकम्भरी के चौहान वंश का **आदिपुरुष वासुदेव** था जिसने **551 ई.** के आस–पास सपादलक्ष में चौहान वंश की स्थापना की।
- बिजौलिया शिलालेख के अनुसार वासुदेव चौहान ने **सांभर झील का निर्माण** करवाया था।
- वासुदेव ने सर्वप्रथम **अहिच्छत्रपुर (नागौर)** को अपनी **राजधानी** बनाया।

**14. [d]**

**व्याख्या:-**

**जैत्रसिंह ( 1213–1253 ई.)**

- जैत्रसिंह ने **परमारों को पराजित कर चित्तौड़ पर अधिकार** किया तथा इसे अपनी **राजधानी** बनाया।
- **भूताला का युद्ध (1227 ई.) -** इस युद्ध में जैत्रसिंह ने **इल्तुतमिश** को पराजित किया था, इस युद्ध का वर्णन जयसिंह सूरी ने अपने ग्रंथ **"हम्मीर मदमर्दन"** में किया है। इस ग्रंथ में इल्तुतमिश को **हम्मीर** कहा गया है।
- जैत्र सिंह के सेनापति **"मदन व बालाक"** थे।
- **जी.एच. ओझा** ने जैत्रसिंह को **"रण रसिक"** तथा **डॉ. दशरथ शर्मा** ने इसे **"मेवाड़ की नव शक्ति का संचारक"** कहा।

**15. [b]**

**व्याख्या:-**

**अलाउद्दीन खिलजी का चित्तौड़ आक्रमण (1303 ई.)**

- **28 जनवरी, 1303** को अलाउद्दीन खिलजी दिल्ली से चित्तौड़ के लिए ससैन्य रवाना हुआ तथा 07 माह के लम्बे घेरे के बाद **26 अगस्त, 1303 ई. को चित्तौड़ में पहला साका हुआ।**
- रतनसिंह, गौरा-बादल व लक्ष्मण सिंह (सिसोदा) के नेतृत्व में वीरों ने केसरिया किया तथा रानी पद्मिनी के नेतृत्व में 1600 वीरांगनाओं द्वारा जौहर किया गया।
- अलाउद्दीन ने इस समय चित्तौड़ में 30,000 लोगों का नरसंहार करवाया था।
- चित्तौड़ पर विजय प्राप्त करने के बाद अलाउद्दीन ने अपने पुत्र **खिज्र खाँ को चित्तौड़ का प्रशासक** नियुक्त किया तथा चित्तौड़ का नाम बदलकर **'खिज्राबाद'** कर दिया था।
- **खिज्र खां** ने गंभीरी नदी पर एक पुल तथा चित्तौड़गढ़ की तलहटी में **एक मकबरे** का निर्माण करवाया।
- मकबरे के फारसी लेख (**1310 ई.**) में खिलजी को **'ईश्वर की छाया', 'दूसरा सिकंदर' और 'संसार का रक्षक'** कहा गया है।

**16. [c]**

**व्याख्या:-**

**खानवा का युद्ध (17 मार्च, 1527 ई.)** – रूपवास, **भरतपुर**

- इस युद्ध में **सांगा को बाबर ने पराजित** किया।
- खानवा के इस निर्णायक युद्ध के बाद **भारत में मुगल सत्ता की वास्तविक स्थापना** हुई।
- इस युद्ध में बाबर ने **"तुलुगमा युद्ध पद्धति'' व ''तोपखाने"** का प्रयोग किया था। यही इसकी विजय के प्रमुख कारण थे।
- **इतिहासकार लेनपुल** के अनुसार खानवा के युद्ध ने हिन्दुओं के महान संगठन को कुचल दिया।

**17. [a]**

**व्याख्या:-**

- राव चन्द्रसेन को बी.एन. राय ने **'मारवाड़ का भूला-बिसरा राजा'** कहा है।
- विश्वेश्वर नाथ रेऊ ने राव चन्द्रसेन को **'मारवाड़ का प्रताप** कहा है।
- चंद्रसेन को प्रताप का अग्रगामी/पथ-प्रदर्शक/मार्गदर्शक भी कहा जाता है।

**18. [c]**

**व्याख्या:-**

- नसीराबाद में विद्रोह – 28 मई 1857 ई.
- नीमच में विद्रोह – 03 जून 1857 ई.
- एरिनपुरा में विद्रोह – 21 अगस्त 1857 ई.
- आउवा में विद्रोह – सितम्बर 1857 ई.

**19. [d]**

**व्याख्या:-**

- सन् सत्तावन की क्रांति के समय नसीराबाद सैनिक छावनी में 15वी बंगाल नेटिव इन्फेंट्री, 30वीं बंगाल नेटिव इन्फेंट्री, भारतीय तोप खाने की सैनिक टुकड़ी तथा पहली (फर्स्ट) बंबई लांसर्स के सैनिक विद्यमान थे।
- 15वीं बंगाल नेटिव इन्फेंट्री द्वारा बख्तावर सिंह के नेतृत्व में नसीराबाद छावनी में सैनिक विद्रोह प्रारंभ हुआ था।
- 30 मई 1857 ई. को 30वीं बंगाल नेटिव इन्फेंट्री के सैनिक भी विद्रोह में शामिल हो गए।

**20. [c]**

**व्याख्या:-**

**'आगी बाण' समाचार-पत्र (1932 ई.)**

- इस समाचार-पत्र के प्रकाशक **जयनारायण व्यास** थे।
- यह **राजस्थानी भाषा** का प्रथम राजनैतिक समाचार पत्र था।
- यह समाचार-पत्र ब्यावर से प्रकाशित होता था।
- मारवाड़ क्षेत्र में राजनैतिक जनजागृति लाने का श्रेय आगी बाण समाचार पत्र को दिया जाता है।

**'राजस्थान' समाचार-पत्र (1923 ई.)**

- यह एक साप्ताहिक / वीकली समाचार पत्र था।
- **ऋषिदत्त मेहता** ने 1923 ई. में ब्यावर से इस समाचार-पत्र का प्रकाशन किया था।
- **हाड़ौती क्षेत्र** में राजनैतिक जनजागृति उत्पन्न करने का श्रेय इसी समाचार-पत्र को दिया जाता है।

**राजस्थान पत्रिका (1885 ई.)**

- बख्शी लक्ष्मण सिंह ने अजमेर से इस समाचार पत्र का प्रकाशन किया था।

**21. [d]**

**व्याख्या:-**

- शुरुआत में प्रजामंडल राजाओं को गद्दी से हटाने या पूर्ण स्वतंत्रता के खिलाफ नहीं थे। उनका संघर्ष राजा के अधीन रहते हुए 'उत्तरदायी शासन' और जनता को अधिकार दिलाने के लिए था। वे राजा को अपना संरक्षक मानते थे, न कि दुश्मन।
- प्रजामंडलों का प्राथमिक उद्देश्य रियासतों में व्याप्त कुप्रथाओं, बेगार और मनमाने करों को समाप्त करना और जनता को उत्तरदायी प्रशासन में भागीदारी दिलाना था।

**22. [b]**

**व्याख्या:-**

- राव कृष्ण सिंह ने 1903 ई. में लड़कियों के विवाह पर पाँच रूपये चंवरी कर लगाया था।
- **पृथ्वीसिंह** ने 1906 ई. में बिजौलिया के किसानों पर **'तलवार बंधाई कर'** नाम से नई लागत लगाई थी।

**23. [d]**

**व्याख्या:-**

**उदयपुर राज्य में वर्ष 1818 में भील विद्रोह के कारण -**

1. अंग्रेजों द्वारा भीलों को सेना में से निकालना।
2. अंग्रेजों की भील दमन नीति।
3. अंग्रेजों द्वारा भीलों को वन सम्पदा के अधिकार से वंचित करना।
4. अंग्रेजों द्वारा भीलों के रखवाली एवं बोलाई कर वसूल करने का अधिकार समाप्त करना।
5. अंग्रेजों द्वारा भीलों पर अत्यधिक कर लगाना।
6. अंग्रेजों द्वारा महुआ की शराब 'मावड़ी' पर प्रतिबंध लगाना।
7. डाकन प्रथा (1853 ई.) पर प्रतिबंध लगाना।
8. भीलों द्वारा की जाने वाली स्थानान्तरित कृषि 'वालरा' पर प्रतिबंध लगाना।

**24. [c]**

**व्याख्या:-**

- सिरोही रियासत का राजस्थान में विलय दो सोपानों (चरणों) में हुआ था।
- सिरोही रियासत राजस्थान व गुजरात (तत्कालीन बम्बई) के मध्य अंतर्राज्यीय विवाद का कारण बनी।
- 26 जनवरी 1950 ई. को सिरोही का विभाजन किया गया।
- आबू-देलवाडा सहित 89 गाँव बम्बई प्रांत में मिला दिये गये तथा शेष सिरोही का राजस्थान में विलय कर दिया गया।
- सिरोही के विभाजन के विरोध में गोकुल भाई भट्ट व बलवंत सिंह मेहता के नेतृत्व में आंदोलन प्रारंभ हुआ।

**25. [b]**

**व्याख्या:-**

- **तेजाजी का** जन्म - 1073 ई., माघ शुक्ला चतुदर्शी को खरनाल में नागवंशीय जाट में हुआ।
- उपनाम - काला और बाला के देवता, कृषि कार्य़ों के उपकारक देवता, गौरक्षक देवता, **शिवजी का अवतार, नागों का देवता**।
- पिता - ताहड़जी जाट
- माता - **रामकुँवरी**
- पत्नी – पेमलदे–पनेर–अजमेर (रायचंद की पुत्री)
- सवारी - लीलण घोड़ी **/ सिणगारी**
- तेजा गीत - किसान खेतों में हल जोतते समय तेजाजी के गीत गाते हैं।
- तेजाजी ने लाछा गुर्जरी की गायों को मेर (वर्तमान आमेर) के मीणाओं से छुड़ाई।
- मेला - **प्रतिवर्ष तेजादशमी (भाद्रपद शुक्ला दशमी)** को परबतसर में भव्य पशु मेला भरता है जो आय की दृष्टि से राजस्थान का सबसे बड़ा पशु मेला है।
- **मंदिर का निर्माण – अभयसिंह ने करवाया।**
- प्रमुख पूजा स्थल - सेंदरिया, ब्यावर, भावतां, सुरसरा, परबतसर, खरनाल, **बासी दुगारी में कर्मस्थली है**।
- सर्प ने डसा, सेंदरिया गाँव में मृत्यु हुई, सुरसुरा जहां इनकी पत्नि पेमल सती हुई।
- तेजाजी का **नया मंदिर बनाने के लिए सुरसुरा से ज्योति** लाई जाती है।

**26. [a]**

**व्याख्या:-**

| देवी | संबंधित जाति |
|---|---|
| करणी माता | चारण |
| सकराय माता | खण्डेलवाल |
| आई माता | सीरवी |
| नारायणी माता | नाई |

**27. [a]**

**व्याख्या:-**

**गागरोण दुर्ग**

- दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के सबसे प्राचीन व विकट दुर्ग में गागरोण दुर्ग भी **एक जल दुर्ग या औदक दुर्ग** है, जो **कालीसिंध और आहु नदी** के संगम पर है, जो परमार शासकों द्वारा निर्मित। **(11**वीं सदी में**)**।
- **उपनाम -** डोडगढ़, धुलरगढ़, शाहगढ़, गीधकगढ़।
- गागरोण का प्राचीन नाम **गर्गराटपुर** था।
- इसका नामकरण गागरोण देवीसिंह खींची ने किया।

**28. [c]**

**व्याख्या:-**

**श्रीनाथ मंदिर (नाथद्वारा)**

- श्रीनाथ जी मंदिर राजसमंद के **नाथद्वारा** में स्थित है। इस मंदिर का निर्माण 1671-72 ई. में मेवाड़ के **महाराणा राजसिंह** ने करवाया था।
- यह मंदिर वल्लभ सप्रदाय का सबसे बड़ा मंदिर है।
- श्रीनाथ जी की मूर्ति मूल रूप से मथुरा में एक मंदिर में **वल्लभाचार्य** ने स्थापित की थी। 1669 ई. में औरंगजेब द्वारा मंदिरों को ध्वस्त करने पर तब वहां के पंडितों ने इसे नाथद्वारा लाकर स्थापित किया।
- **अन्नकूट महोत्सव (कार्तिक शुक्ल एकम)** – इस दिन **'भीलों की लूट'** प्रसिद्ध है।

**29. [d]**

**व्याख्या:-**

**उम्मेद भवन (जोधपुर)**

- **निर्माण -** महाराजा उम्मेदसिंह ने करवाया।
- इस महल की **नींव 18 नवम्बर, 1929** को रखी गई और यह वर्ष 1943 में पूर्ण हुआ।
- **वास्तुविद् -** सर सैमुअल स्विंटन जैकब एवं विद्याधर।
- **इंजीनियर -** हेनरी वॉगन लेंचेस्टर।
- यह विश्व का सबसे बड़ा रिहायशी महल है।
- यह महल **छीतर पत्थर** से निर्मित होने के कारण **'छीतर पैलेस'** भी कहलाता है।
- इस महल का निर्माण **अकाल राहत कार्यों** के तहत सम्पन्न हुआ था।
- यह भवन **'इंडो-डेको स्टाइल'** में निर्मित किया गया।
- वर्तमान में उम्मेद भवन में **संग्रहालय, थियेटर, केन्द्रीय हॉल व उद्यान** दर्शनीय है।

**30. [d]**

**व्याख्या:-**

- 19वीं शताब्दी में **जोधपुर के महाराजा मानसिंह** के समय इस काल में नाथ सम्प्रदाय से संबंधित धार्मिक और साहित्यिक विषयों पर अनेक चित्र बनाए गए।
- 'रसराज'- मतिराम द्वारा रचित।
- चित्र संग्रह- 63 चित्र 'रसराज' ग्रंथ के आधार पर तैयार किए गए।

**31. [d]**

**व्याख्या:-**

**चन्द्रभागा पशु मेला**

- स्थान- झालरापाटन (झालावाड़)
- समय- कार्तिक शुक्ल एकादशी से मार्गशीर्ष कृष्ण पंचमी तक (नवम्बर) मुख्य दिन कार्तिक पूर्णिमा
- मेला चन्द्रभागा नदी के किनारे भरता है।

**श्री मल्लीनाथ पशु मेला**

- स्थान- तिलवाड़ा
- समय- चैत्र कृष्ण एकादशी से चैत्र शुक्ल एकादशी (अप्रैल) तक
- मेला लूणी नदी के किनारे भरता है।

**श्री बलदेव पशु मेला**

- स्थान- मेड़ता (नागौर)
- समय- चैत्र शुक्ल एकम से पूर्णिमा तक (अप्रैल)

**श्री तेजाजी पशु मेला**

- स्थान- परबतसर (नागौर)
- समय- भाद्रपद शुक्ल दशमी

**32. [d]**

**व्याख्या:-**

- नाता प्रथा: यह एक प्राचीन प्रथा है जिसमें कोई विवाहित स्त्री किसी अन्य पुरुष के साथ स्वेच्छा से रह सकती है। इसके बदले में नए पुरुष को 'झगड़ा राशि' (मुआवजा) देनी होती है।
- छेड़ा-फाड़ना: भील समाज में जब पति अपनी पत्नी को त्यागना चाहता है, तो वह पंचायत के सामने अपनी साड़ी (ओढ़नी) का पल्लू फाड़कर उसे देता है, जो तलाक का प्रतीक माना जाता है।

**33. [d]**

**व्याख्या:-**

- 1. पैर - लंगर
- 2. सिर - बोरला
- 3. गर्दन - आड़
- 4. कान - झेला

**34. [c]**

**व्याख्या:-**

- कथन II गलत है क्योंकि 'बादली' गीत शेखावाटी में वर्षा के आगमन पर नहीं, बल्कि बारिश नहीं होने पर (वर्षा की कामना हेतु) गाया जाता है।

**35. [b]**

**व्याख्या:-**

**राज्यपाल हेतु अर्हताएं/योग्यताएँ-**

- संविधान के अनुच्छेद 157 में राज्यपाल हेतु अर्हताएं निर्धारित दी गई है-
  1. उसे भारत का नागरिक होना चाहिए।
  2. वह 35 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका हो।
- राज्यपाल की नियुक्ति से संबंधित दो परम्पराएं भी जुड़ गई यद्यपि दोनों परम्पराओं का कुछ मामलों में उल्लंघन हुआ है-
  1. वह उस राज्य से संबंधित न हो जिस राज्य में नियुक्त किया जा रहा है।
  2. राष्ट्रपति, राज्यपाल की नियुक्ति के मामले में संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री से परामर्श करे।

**36. [b]**

**व्याख्या:-**

| **राजस्थान के मुख्यमंत्री जिन्होंने राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया-** | |
|---|---|
| **मुख्यमंत्री का नाम** | **राज्य जिसके राज्यपाल रहे** |
| मोहनलाल सुखाड़िया – | कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु |
| हरिदेव जोशी | मेघालय, असम, पश्चिम बंगाल |
| शिवचरण माथुर | असम |
| जगन्नाथ पहाड़िया | हरियाणा बिहार |

**37. [d]**

**व्याख्या:-**

- अध्यक्ष दसवीं अनुसूची के तहत निर्णय देता है। धन/वित्त विधेयक प्रमाणित करता है। गुप्त बैठक की अनुमति दे सकता है। त्यागपत्र उपाध्यक्ष को देता है, राज्यपाल को नहीं।

**38. [a]**

**व्याख्या:-**

**उच्च न्यायालय का गठन**

- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 216** में राज्यों में उच्च न्यायालय के गठन का प्रावधान किया गया है।
- संविधान के द्वारा प्रत्येक राज्य के लिए एक उच्च न्यायालय की व्यवस्था की गई है।
- **7वें संशोधन अधिनियम, 1956** के द्वारा संशोधित – दो या अधिक राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्र के लिए **एक साझा उच्च न्यायालय** की स्थापना की जा सकती है।
- संसद एक उच्च न्यायालय के न्यायिक क्षेत्र का विस्तार, किसी संघ राज्य क्षेत्र में कर सकती है अथवा किसी संघ राज्य क्षेत्र को एक उच्च न्यायालय के न्यायिक क्षेत्र से बाहर कर सकती है।

**न्यायाधीशों की नियुक्ति**

- मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति **राष्ट्रपति द्वारा**, भारत के मुख्य न्यायाधीश और संबंधित राज्य के राज्यपाल से परामर्श के बाद की जाती है।
- दो या अधिक राज्यों के साझा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति में राष्ट्रपति सभी संबंधित राज्यों के राज्यपालों से परामर्श करता है।
- अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति में संबंधित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से भी परामर्श किया जाता है।

**39. [b]**

**व्याख्या:-**

**भारत में स्थानीय स्वशासन :**

- 1882 → लॉर्ड रिपन का प्रस्ताव → स्थानीय शासन का मैग्नाकार्टा
- 1907 → हॉब हाउस की अध्यक्षता में रॉयल कमीशन
- 1909 → रॉयल कमीशन की रिपोर्ट
- 1919 → मान्टेग्यू-चेम्सफोर्ड अधिनियम → स्थानीय शासन "हस्तांतरित विषयों" में
- 1928 → बीकानेर ने ग्राम पंचायत अधिनियम बनाया (राजस्थान में प्रथम)
- 1935 → भारत सरकार अधिनियम → स्थानीय शासन को प्रांतीय/राज्य सूची में रखा गया
- 1938 → जयपुर ग्राम पंचायत अधिनियम
- 1943 → सिरोही ग्राम पंचायत अधिनियम
- 1944 → भरतपुर ग्राम पंचायत अधिनियम
- 1949 → करौली ग्राम पंचायत अधिनियम
- राजस्थान पंचायत अधिनियम, 1953 में पारित किया गया, जो 1 जनवरी, 1954 से लागू हुआ और उसके बाद प्रदेश में ग्राम पंचायतों की स्थापना हुई।

**40. [a]**

**व्याख्या:-**

- 74वें संशोधन (1992) द्वारा नगर निकायों को संवैधानिक दर्जा दिया गया। भाग IX-A तथा 12वीं अनुसूची जोड़ी गई। अनुच्छेद 243P से 243ZG सम्मिलित किए गए। नगरपालिकाओं का कार्यकाल 5 वर्ष है, 6 वर्ष नहीं।

**41. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ मुख्य सचिव राज्य प्रशासन का शीर्ष अधिकारी, सचिवालय का किंगपिन तथा लोक सेवाओं का प्रमुख होता है। राज्यपाल राजनीतिक प्रमुख है, मुख्य सचिव नहीं।

**42. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ 1772 में वारेन हेस्टिंग्स ने राजस्व सुधारों के तहत कलेक्टर पद सृजित किया। प्रथम कलेक्टर रॉल्फ शेल्डन थे। यह पद मूलतः राजस्व वसूली से जुड़ा था। लॉर्ड कॉर्नवालिस ने बाद में सुधार किए, सृजन नहीं किया।

**43. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ 16 अगस्त 1949 को अध्यादेश जारी हुआ, 20 अगस्त को अधिसूचना प्रकाशित हुई तथा 22 दिसम्बर 1949 को आयोग प्रभाव में आया। प्रारंभिक मुख्यालय जयपुर में था, न कि अजमेर में। अतः कथन 1 और 2 सही हैं, 3 असत्य है।

**44. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ **गठन (धारा-3)-**15 मई, 1999
**मुख्यालय-**जयपुर

◈ राज्य महिला आयोग अधिनियम 1999 की धारा 3 में संरचना का उल्लेख ।

◈ **संरचना (धारा-3)** 1 अध्यक्ष 4 सदस्य (सदस्य सचिव सहित)
**कार्यकाल (धारा-4)-**3 वर्ष
**त्यागपत्र (धारा-4)-** राज्य सरकार को
**गणपूर्ति -**3 व्यक्ति (अध्यक्ष सहित)
**नियुक्ति (धारा-3)-** राज्य सरकार (मुख्यमंत्री) द्वारा
**बैठक-**कम से कम 2 माह में 1 बार।
**वेतन-सेवा शर्तें (धारा-4)** - राज्य सरकार द्वारा निर्धारित ।
**पद से हटाना (धारा-8)-** राज्य सरकार (मुख्यमंत्री द्वारा)

**हटाने के कारण :**

(1) लगातार 3 बैठक से अनुपस्थित रहने पर।
(2) दिवालिया (3) असमर्थता
(4) भ्रष्टाचार (5) विकृत चित के आधार पर

**वार्षिक रिपोर्ट (धारा-14) -** राज्य सरकार को। राज्य सरकार ने आयोग की सिफारिशों के 3 माह के भीतर उस पर क्या कार्यवाही की उसकी सूचना आयोग को देगी।

**शक्तियाँ (धारा 10) -** सिविल कोर्ट के समान शक्तियाँ प्राप्त है।

**45. [d]**

**व्याख्या:–**

◈ मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता देना है।

◈ योजना के तहत पात्र परिवारों को 20,000 से 30,000 रुपये तक सहायता दी जाती है।

◈ यह योजना 2025 में शुरू नहीं हुई, बल्कि पहले से संचालित योजना है।

◈ साथ ही आवेदन के नियम अलग-अलग राज्यों में अलग होते हैं।

**46. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ जयपुर में कुपोषित बच्चों की स्थिति सुधारने के लिए “लाडेसर अभियान” चलाया गया।

◈ इस अभियान का उद्देश्य कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनका उपचार और पोषण स्तर सुधारना है।

◈ इसमें आंगनवाड़ी, चिकित्सा विभाग और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त भागीदारी रही।

◈ बच्चों को पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य जांच और परामर्श उपलब्ध कराया गया।

**47. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ जनवरी 2025 में राजस्थान में दूध की गुणवत्ता जांच और लोगों को जागरूक करने के लिए यह अभियान चलाया गया।

◈ इसका उद्देश्य मिलावटी दूध और दुग्ध उत्पादों पर रोक लगाना था।

◈ अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर दूध के नमूनों की जांच की गई।

**48. [d]**

**व्याख्या:-**

◈ आईफा (International Indian Film Academy) अवार्ड 2025 का आयोजन 8–9 मार्च को जयपुर (राजस्थान) में हुआ।

◈ यह इसका 25वां संस्करण था।

◈ इस संस्करण की थीम “Silver is the New Gold” रखी गई।

कार्यक्रम के दौरान राजस्थान फिल्म टूरिज्म पॉलिसी लॉन्च करने की घोषणा भी की गई।

**49. [a]**

**व्याख्या:**

◈ ब्रिगेडियर सवाई भवानी सिंह जयपुर के अंतिम महाराजा थे।

◈ वे भारतीय सेना में ब्रिगेडियर के पद पर भी कार्यरत रहे।

◈ 1971 के भारत-पाक युद्ध में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

◈ उनके सम्मान में जयपुर में उनकी प्रतिमा (स्टैच्यू) स्थापित की गई।

◈ यह प्रतिमा उनके योगदान को स्मरण करने के लिए लगाई गई है।

**50. [a]**

**व्याख्या:**

एशिया विश्व का सबसे बड़ा महाद्वीप है और लगभग 30% भूमि क्षेत्र तथा लगभग 60% जनसंख्या का भाग रखता है। मृत सागर पृथ्वी का सबसे निम्न स्थल बिंदु है। एशिया पूर्णतः उत्तरी गोलार्द्ध में नहीं है, क्योंकि इंडोनेशिया के कुछ द्वीप दक्षिणी गोलार्द्ध में हैं।

**51. [a]**

**व्याख्या:**

◈ पृथ्वी का कुल क्षेत्रफल लगभग 510 मिलियन वर्ग किमी है, जिसमें लगभग 361 मिलियन वर्ग किमी महासागर हैं। पृथ्वी की सतह का लगभग 71% जल और 29% स्थल है। इसलिए स्थल क्षेत्र महासागरों से कम है। इसी कारण पृथ्वी को “ब्लू प्लैनेट” कहा जाता है।

**52. [d]**

**व्याख्या –**

◈ फेरेल का नियम बताता है कि पृथ्वी के घूर्णन के कारण पवनों की दिशा बदल जाती है। उत्तरी गोलार्द्ध में दाईं ओर और दक्षिणी गोलार्द्ध में बाईं ओर विचलन होता है। यह कॉरियोलिस बल के प्रभाव का ही परिणाम है।

**53. [a]**

**व्याख्या –**

◈ उत्पादक जैसे हरे पौधे स्वपोषी होते हैं और प्रकाश संश्लेषण द्वारा भोजन बनाते हैं। उपभोक्ता अपना भोजन स्वयं नहीं बनाते बल्कि अन्य जीवों पर निर्भर रहते हैं। अपघटक जैसे बैक्टीरिया और कवक मृत पदार्थों को विघटित करते हैं।

**54. [d]**

**व्याख्या:**

◈ आर्थिक गतिविधियों को पाँच वर्गों में बाँटा जाता है। प्राथमिक में कृषि-खनन आदि, द्वितीयक में विनिर्माण, तृतीयक में सेवाएँ, चतुर्थक में ज्ञान आधारित गतिविधियाँ और पंचम में उच्चस्तरीय निर्णय व नीति निर्माण शामिल होते हैं।

**55. [a]**

**व्याख्या:**

◈ हिमालय एक नवीन मोड़दार पर्वतमाला है जिसका निर्माण टेथिस सागर के अवसादों के संपीडन से हुआ। यह अभी भी भूगर्भीय दृष्टि से सक्रिय है, इसलिए इसे निर्माणावस्था में माना जाता है। अतः कथन 3 गलत है।

**56. [c]**

**व्याख्या:**

◈ भारत की जलवायु कई भौगोलिक कारकों से प्रभावित होती है जिनमें अक्षांशीय स्थिति, समुद्र से दूरी, हिमालय की अवरोधक भूमिका तथा समुद्र तल से ऊँचाई प्रमुख हैं। ये सभी कारक तापमान, वर्षा और पवनों की दिशा को नियंत्रित करते हैं।

**57. [c]**

**व्याख्या:**

◈ वूलर झील भारत की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है। चिल्का भारत की सबसे बड़ी लैगून झील है और लोकटक झील अपने तैरते द्वीपों (फुमदी) के लिए प्रसिद्ध है।

**58. [c]**

**व्याख्या:**

◈ भारत में वन क्षेत्र लगभग 23% है। मध्यप्रदेश में कुल वन क्षेत्र सबसे अधिक है जबकि प्रतिशत के अनुसार अरुणाचल प्रदेश में वनावरण अधिक है।

**59. [d]**

**व्याख्या:**

◈ भारत में चार प्रमुख जैव विविधता हॉटस्पॉट हैं— पश्चिमी घाट, हिमालय, इंडो-बर्मा और सुंडालैंड (अंडमान-निकोबार क्षेत्र)।

**60. [a]**

**व्याख्या:**

◈ भारत में कृषि व संबद्ध क्षेत्र राष्ट्रीय आय में लगभग पाँचवाँ हिस्सा योगदान देता है तथा लगभग 46% कार्यबल इसमें कार्यरत है। परन्तु सेवा क्षेत्र का योगदान कृषि से कहीं अधिक है, इसलिए कथन 3 गलत है।

**61. [a]**

**व्याख्या:**

◈ भारत आईटी और आईटी-सक्षम सेवाओं के निर्यात में विश्व के अग्रणी देशों में है। सेवा निर्यात विदेशी मुद्रा अर्जन में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह केवल पर्यटन पर आधारित नहीं है; वित्त, आईटी और अन्य सेवाएँ भी शामिल हैं।

**62. [a]**

**व्याख्या:**

◈ विनिर्माण क्षेत्र आर्थिक विकास और रोजगार सृजन का प्रमुख स्रोत है तथा वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भागीदारी से निर्यात और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ती है। भारत का विनिर्माण क्षेत्र वैश्विक व्यापार से जुड़ा है, इसलिए कथन 3 गलत है।

**63. [b]**

**व्याख्या:**

◈ औद्योगिक विकास और तकनीकी प्रगति आर्थिक वृद्धि और उत्पादकता में सुधार लाते हैं। वैश्विक व्यापार भी आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण घटक है, इसलिए कथन 3 गलत है।

**64. [b]**

**व्याख्या:**

◈ आर्थिक जटिलता सूचकांक देश की उत्पादन क्षमता, तकनीकी स्तर और निर्यात विविधता को दर्शाता है। यह निर्यात संरचना से जुड़ा होता है, इसलिए कथन 3 गलत है।

**65. [a]**

**व्याख्या :**

◈ भारत सरकार अधिनियम, 1935 में वास्तव में अखिल भारतीय संघ की स्थापना का प्रावधान था। संघ में ब्रिटिश भारतीय प्रांत और रियासतें दोनों शामिल होनी थीं। हालाँकि, इस संघ की वास्तविक स्थापना एक निश्चित संख्या में रियासतों के इसमें शामिल होने पर सशर्त थी, जो अंततः नहीं हुआ, इसलिए संघ कभी नहीं बना।

◈ कथन 2 गलत है । भारत सरकार अधिनियम, 1935 के तहत प्रशासित किए जाने वाले विषयों को आरक्षित और हस्तांतरित विषयों में विभाजित किया गया था। आरक्षित विषय- विदेशी मामले, रक्षा, आदिवासी क्षेत्र और धार्मिक मामले जिन्हें विशेष रूप से गवर्नर-जनरल द्वारा प्रशासित किया जाना था न कि संघीय विधायिका द्वारा। कार्यकारी पार्षदों की सलाह पर।

**66. [b]**

**व्याख्या:**

◈ संविधान सभा का गठन कैबिनेट मिशन योजना 1946 के अंतर्गत हुआ। प्रांतीय प्रतिनिधि अप्रत्यक्ष चुनाव द्वारा चुने गए, न कि सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार से। देशी रियासतों के प्रतिनिधि नामित किए गए थे। अतः कथन 2 असत्य है जबकि 1 और 3 सही हैं।

**67. [c]**

**व्याख्या:**

◈ गद्यांश में स्पष्ट है कि डॉ. अंबेडकर आधुनिक भारतीय राजनीतिक विचारक थे। उन्हें 'दलितों के मसीहा' तथा 'भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता' के रूप में जाना जाता है। तीनों कथन पाठानुसार सही हैं।

**68. [b]**

**व्याख्या:**

◈ अनुच्छेद 5 नागरिकता (डोमिसाइल) से संबंधित है। अनुच्छेद 6 पाकिस्तान से भारत आए प्रवासियों पर लागू होता है। अनुच्छेद 7 पाकिस्तान चले गए लोगों से संबंधित है, न कि बर्मा से। अतः कथन 3 असत्य है।

**69. [a]**

**व्याख्या :**

◈ समानता का अधिकार (a): अन्य उपाधियों का उन्मूलन (III)
स्वतंत्रता का अधिकार (b): जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता (I)
सांस्कृतिक और शैक्षणिक अधिकार (c): अल्पसंख्यकों को शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने का अधिकार (IV)
शोषण के विरुद्ध अधिकार (d): मानव तस्करी और जबरन श्रम पर प्रतिबंध (II)

**70. [a]**

**व्याख्या :**

◈ अनुच्छेद 48A: पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना तथा देश के वनों एवं वन्यजीवों की रक्षा करना। इस अनुच्छेद को 42वाँ संविधान संशोधन, 1976 को जोड़ा गया था।

**71. [c]**

**व्याख्या :**

◈ वर्ष 1976 में, भारत सरकार ने मौलिक कर्तव्यों के बारे में सिफारिशें करने के लिए सरदार स्वर्ण सिंह समिति का गठन किया।

◈ समिति ने पाया कि अधिकारों के उपभोग के अतिरिक्त, नागरिकों को कुछ कर्तव्यों का पालन भी करना चाहिए।

◈ तदनुसार, इस समिति ने संविधान में मौलिक कर्तव्यों पर एक अलग अध्याय को शामिल करने की सिफारिश की, इनमे 8 मौलिक कर्तव्यों की सूची थी।

**72. [b]**

**व्याख्या:**

- ◈ राष्ट्रपति का निर्वाचन अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचन मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें संसद के दोनों सदनों तथा राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य भाग लेते हैं। जनता द्वारा प्रत्यक्ष मतदान की व्यवस्था नहीं है। अतः कथन 3 असत्य है।

**73. [a]**

**व्याख्या:**

- ◈ उपराष्ट्रपति का निर्वाचन संसद के दोनों सदनों के सदस्यों द्वारा किया जाता है। इसमें राज्य विधानसभाएँ भाग नहीं लेतीं। चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली तथा एकल हस्तांतरणीय मत प्रणाली से होता है। अतः कथन 2 असत्य है।

**74. [c]**

**व्याख्या:**

- ◈ प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। सामान्यतः बहुमत दल के नेता को नियुक्त किया जाता है, परंतु संविधान में बाध्यता शब्दशः नहीं है। प्रधानमंत्री बनने के लिए संसद के किसी भी सदन का सदस्य होना पर्याप्त है। अतः कथन 2 और 3 असत्य हैं।

**75 [a]**

**व्याख्या:**

- ◈ सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना अनुच्छेद 124 के अंतर्गत हुई है और इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। मुख्य न्यायाधीश राष्ट्रपति की अनुमति से अन्य स्थान पर बैठ सकता है, परंतु संसद द्वारा मुख्यालय स्थानांतरण का प्रावधान नहीं है। अतः कथन 3 असत्य है।

**76. [b]**

**व्याख्या:**

- ◈ भारतीय संसद तीन अंगों से मिलकर बनती है — राष्ट्रपति, लोकसभा और राज्यसभा। राष्ट्रपति संसद का अभिन्न अंग है क्योंकि उसकी स्वीकृति के बिना विधेयक कानून नहीं बनता। अतः कथन 3 असत्य है।

**77. [b]**

**व्याख्या:**

- ◈ चुनाव आयोग का गठन अनुच्छेद 324 के अंतर्गत हुआ है। संविधान में मुख्य निर्वाचन आयुक्त तथा अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का प्रावधान है, परंतु आयोग बहुसदस्यीय होगा या नहीं, यह राष्ट्रपति निर्धारित करता है। अतः कथन 2 पूर्णतः सही नहीं है।

**78. [b]**

**व्याख्या:**

- ◈ भारत की विदेश नीति शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व पर आधारित रही है। 1954 में भारत और चीन के बीच पंचशील समझौता हुआ। इसका उद्देश्य सैन्य गठबंधन नहीं बल्कि परस्पर सम्मान और हस्तक्षेप न करने की नीति को बढ़ावा देना था। अतः कथन 3 असत्य है।

**79. [c]**

**व्याख्या:**

- ◈ नेहरू गुटनिरपेक्ष आंदोलन के प्रमुख प्रवर्तकों में थे। गुटनिरपेक्षता का अर्थ तटस्थ रहना नहीं बल्कि स्वतंत्र निर्णय क्षमता बनाए रखना था। इसका उद्देश्य किसी सैन्य गुट में शामिल हुए बिना राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना था। अतः कथन 2 असत्य है।

**80. [a]**

**व्याख्या:**

- ◈ भारत और अमेरिका के बीच रक्षा, प्रौद्योगिकी एवं रणनीतिक सहयोग निरंतर बढ़ा है। संयुक्त सैन्य अभ्यास भी होते हैं। भारत नाटो का सदस्य नहीं है। अतः कथन 2 असत्य है।

**81. [a]**

**व्याख्या:-**

- ◈ शिक्षा मनोविज्ञान का मुख्य केंद्र दर्शनशास्त्र का अध्ययन करना है। यह गलत है।
- ◈ शिक्षा मनोविज्ञान का मुख्य उद्देश्य मानव व्यवहार और शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं का अध्ययन करना है, न कि दर्शनशास्त्र का अध्ययन करना। शिक्षा मनोविज्ञान शिक्षा के संदर्भ में विद्यार्थियों और शिक्षकों के मानसिक, शारीरिक, और भावनात्मक पहलुओं को समझने पर केंद्रित है। शिक्षा मनोविज्ञान का मुख्य केंद्र मानव व्यवहार है। शिक्षा मनोविज्ञान मानव व्यवहार के अध्ययन पर आधारित है, विशेष रूप से शिक्षण और अधिगम (learning) के संदर्भ में। यह अध्ययन करता है कि विद्यार्थी कैसे सीखते हैं, उनका मानसिक विकास कैसे होता है, और वे किस तरह से अपनी समस्याओं का समाधान करते हैं।

**82. [b]**

**व्याख्या:-**

- ◈ शैक्षिक मनोविज्ञान की वैज्ञानिक प्रकृति होती है, क्योंकि इसमें अनुसंधान और अध्ययन के लिए वैज्ञानिक विधियों व प्रविधियों का प्रयोग होता है।
- ◈ यह शिक्षण-अधिगम परिस्थितियों में व्यवहार को समझने, भविष्यवाणी करने और नियंत्रित करने में सहायक होता है।
- ◈ इसके सिद्धांत सुव्यवस्थित नियमों द्वारा समर्थित होते हैं।
- ◈ यह व्यवहार के आकलन के लिए वस्तुनिष्ठता पर बल देता है।

**83. [b]**

**व्याख्या:-**

- ◈ लेव वायगोत्स्की (Lev Vygotsky) का सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धांत ज्ञान की रचना में सामाजिक अंतःक्रिया (social interaction) की भूमिका को अत्यधिक महत्वपूर्ण मानता है।
- ◈ उनके अनुसार, बच्चे का संज्ञानात्मक विकास और ज्ञान की रचना समाज और संस्कृति से गहरे रूप से प्रभावित होती है, और यह केवल व्यक्तिगत अनुभव से नहीं होता।

**84. [d]**

**व्याख्या:-**

- ◈ वंशानुक्रम, पोषण, विद्यालय में खेल और अन्त:स्रावी ग्रंथियाँ सभी बच्चों के शारीरिक विकास को प्रभावित करते हैं। इन चारों का संयोजन ही बच्चों के स्वास्थ्य और शारीरिक वृद्धि को पूरी तरह से प्रभावित करता है। **इसलिए, सही उत्तर (d) (a), (b), (c) एवं (d) है, क्योंकि ये सभी निर्धारक बालकों के शारीरिक विकास को प्रभावित करते हैं।**

**1. वंशानुक्रम (Genetics)-**

- ◈ बालक के विकास में वंशानुक्रम एवं वातावरण की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। माता–पिता से पीढ़ी–दर–पीढ़ी संतानों में गुणों का आना वंशानुक्रम कहलाता है।
- ◈ वंशानुक्रम का मतलब है, माता-पिता से बच्चों को मिलने वाली शारीरिक विशेषताएँ, जो उनके गुणसूत्रों (chromosomes) द्वारा निर्धारित होती हैं।

**2. पोषण (Nutrition) –**

- ◈ एक बालक को जो भी खान–पान होता है वह पोषण कहलाता है परन्तु इसके लिए जरूरी है कि उसमें सभी प्रकार के आवश्यक पोषक तत्त्व मौजूद हों।

**3. विद्यालय में खेल (Physical Activity in School)-**

- ◈ बालक के शारीरिक, मानसिक विकास में खेल मैदान का विशेष योगदान होता है तथा इससे भी अधिक बालक के समाजीकरण में इसका खास महत्त्व होता है।

**4. अन्त:स्रावी ग्रंथियाँ (Endocrine Glands)-**

- ◈ अन्त:स्रावी ग्रंथियाँ शरीर में विभिन्न प्रकार के हार्मोन का उत्पादन करती हैं, जो शारीरिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। इन हार्मोन का शरीर के विभिन्न अंगों और प्रणालियों पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

**85. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ कोहलबर्ग के नैतिक विकास सिद्धांत में 'आत्म-परिपूरक पारस्परिकता' साधनात्मक सापेक्षवादी उन्मुखता जो कि पूर्व-परंपरागत स्तर का दूसरा चरण है, नैतिक तर्क का यह दृष्टिकोण है जहाँ सही और गलत व्यक्ति की व्यक्तिगत जरूरतों और दूसरों की जरूरतों को पूरा करने के आधार पर तय होते हैं। इस चरण में व्यक्ति पारस्परिक लाभ और आपसी हितों के आधार पर नैतिक निर्णय लेता है, जैसे "मैं तुम्हारी मदद करूँगा, यदि तुम मेरी मदद करो"।

**86. [d]**

**व्याख्या:-**

◈ अधिगम का सम्बद्ध-प्रतिक्रिया सिद्धांत आई.पी. पॉवलाव ने प्रतिपादित किया था।

◈ **स्पष्टीकरण-** अधिगम का सम्बद्ध-प्रतिक्रिया सिद्धांत, जिसे क्लासिकल कंडीशनिंग (Classical Conditioning) भी कहा जाता है, रूसी मनोवैज्ञानिक इवान पावलव (Ivan Pavlov) द्वारा प्रतिपादित किया गया था।

◈ ईवान पेट्रोविच पावलॉव (रूस) है। इनको 1904 में चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार दिया गया।

◈ इन्होंने कुत्ते पर (1904) में प्रयोग किया। पावलॉव का मुख्य उद्देश्य पाचन क्रिया की शरीर क्रियात्मक प्रक्रियाओं का अध्ययन करना था।

**87. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ विकास सामान्य से विशिष्ट की ओर अग्रसर होता है। सिद्धांत के अनुसार, विकास की प्रक्रिया में व्यक्ति या बच्चा पहले सामान्य और सरल अवस्थाओं से गुजरता है और फिर धीरे-धीरे विशिष्ट, जटिल और अधिक विश्लेषणात्मक अवस्थाओं तक पहुँचता है।

◈ यह सिद्धांत यह बताता है कि विकास की प्रक्रिया किसी भी क्षमता में एक क्रमबद्ध और व्यवस्थित तरीके से वृद्धि करती है।

**88. [c]**

**व्याख्या:-**

◈ निर्मितिवादी अधिगम के लिए I एवं II दोनों केंद्रीय विचार आवश्यक हैं।

**I. अधिगमकर्ता अपने ज्ञान के निर्माण हेतु सक्रिय रहते हैं।**

◈ यह विचार जीन पियाजे (Jean Piaget) के संज्ञानात्मक विकास सिद्धांत पर आधारित है, जिसमें उन्होंने कहा कि बच्चे अपने अनुभवों, अन्वेषणों और पूर्वज्ञान के आधार पर ज्ञान को स्वयं 'निर्मित' करते हैं।

◈ Constructivism मानता है कि विद्यार्थी जब तक स्वयं प्रयास नहीं करता, तब तक सीखना गहरा नहीं होता।

**II. ज्ञान निर्माण में सामाजिक अन्त:क्रिया महत्त्वपूर्ण होती है।**

◈ इस विचार की जड़ें लैव व्यगोत्स्की (Lev Vygotsky) के सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धांत में हैं।

◈ उन्होंने बताया कि अधिगम एक सामाजिक प्रक्रिया है, जो शिक्षक, सहपाठी और समाज के साथ संवाद और सहयोग के माध्यम से घटित होता है। जब विद्यार्थी समूह में काम करते हैं, विचारों का आदान-प्रदान करते हैं, तब वे गहराई से सीखते हैं।

◈ व्यगोत्स्की ने "Zone of Proximal Development (ZPD)" की अवधारणा दी, जिसके अनुसार विद्यार्थी अपने अकेले के स्तर से ऊपर तब सीखता है, जब कोई सक्षम व्यक्ति उसे उचित सहयोग देता है।

**89. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ **सतही शीलगुण/विशेषक (Surface Trait) :-** सतही शीलगुण व्यक्तित्व के ऐसे विशेषक होते हैं जो बहुत महत्वपूर्ण नहीं होते हैं तथा वे लक्षण जिन्हें व्यवहार की प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति (दिन-प्रतिदिन की अंत:क्रिया) में आसानी से अभिव्यक्त होते दिखाई पड़ते हैं। इनका स्वरूप स्थायी कम होता है। इन्हें शीलगुण सूचक भी कहते हैं। जैसे- प्रसन्नता, सामुदायिकता, प्रफुल्लता, रंग-रूप, सत्यनिष्ठता, परोपकारिता।

**90. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ फ्रायड के अनुसार, मन की संरचना में इदं (Id), अहंकार (Ego), और पराअहं (Superego) शामिल हैं।

◈ यह व्यक्ति के कार्यों की अभिव्यक्ति है, जो मूलत: उपाहं (Id), अहं (Ego) तथा पराहं (Super Ego) से संबंधित होते हैं।

**(i) Id-इदम्/उपाहं**

◈ पशुत्व घोड़ा मनुष्य के भीतर दैत्य होता है।

◈ जन्म के साथ।

◈ यह बाल्यावस्था में सर्वाधिक प्रभावी।

◈ आनन्द सिद्धान्त (Pleasure) से निर्धारित।

◈ यह अचेतन मन का स्वामी है इसका सम्बन्ध दमित इच्छाएं तथा सुखवादी इच्छाओं से है।

◈ यह सबसे पहले विकसित होता है।

◈ मूल प्रवृत्ति का केन्द्र, नैतिकता से परे, तर्कहीन, यौन प्रवृत्ति/ काम प्रवृति से युक्त।

◈ शारीरिक इच्छाओं पर मानसिक इच्छाओं का नियंत्रण नहीं।

◈ इसका वास्तविकता में सम्बन्ध नहीं, पूर्णत अचेतन/असंघटित है।

**(ii) Ego अहम्**

◈ मानत्व मन का प्रशासक/घुड़सवार

◈ मनुष्य के भीतर मनुष्य

◈ वास्तविकता सिद्धान्त (Reality Principle) में निर्धारित।

◈ चेतन मन का स्वामी है और यह वर्तमान से संबंधित होता है।

◈ सपनों पर नियंत्रण।

◈ सभी महत्वपूर्ण निर्णय लेना।

◈ बुद्धि से कार्य करना तथा सिपाही के रूप में कार्य करना।

◈ इदम् तथा परम अहम् में विरोधी इच्छाओं में समन्वय का कार्य अहम् करता है।

**(iii) Super Ego पराह/परम अहम्**

◈ आदर्शवादी सिद्धान्त (dealistic) से नियन्त्रित।

◈ इसका सम्बन्ध देवत्व से है।

◈ यह आदर्शों और नैतिक मूल्यों की बात करता है।

◈ यह नैतिक समीक्षक है।

◈ यह अवास्तविक होता है।

◈ सामाजिक संघटक।

◈ एक पूर्णत: विकसित पराहं व्यक्ति के कामुक एवं आक्रामक प्रवृत्तियों पर नियंत्रण दमन के माध्यम से करता है।

**91. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ **प्रतिक्रिया निर्माण (Reaction Formation) :-** अन्तर्निहित इच्छा के बिल्कुल विपरीत व्यवहार करना।

◈ इसमें व्यक्ति अपने अहं (Ego) को किसी कष्टदायक एवं अप्रिय इच्छा तथा प्रेरणा के ठीक विपरीत इच्छा या प्रेरणा विकसित कर बचाता है। जैसे-

1. प्रिया अपनी सहपाठी के उच्चतम अंक आने पर उससे ईर्ष्या एवं घृणा करती है किन्तु प्रत्यक्ष में वह हमेशा अपनी सहपाठी को उच्चतम अंक आने पर बधाई देती है एवं मंगलकामना व्यक्त करती है।
2. बगुला भगत होना।
3. सौतेली माँ द्वारा बेटी से नफरत के बावजूद स्नेह और प्यार करना।

**92. [d]**

**व्याख्या:-**

- भग्नाशा और मानसिक द्वंद्व के कई कारण होते हैं, जिनमें जैविकीय, भौतिक, संवेगात्मक और सामाजिक कारक शामिल हैं।
- **जैविकीय और भौतिक कारण**- शरीर के भीतर होने वाली जैविक प्रक्रियाओं, जैसे कि हार्मोनल असंतुलन या मस्तिष्क के कुछ क्षेत्रों में खराबी, भग्नाशा और मानसिक द्वंद्व को जन्म दे सकते हैं।
- **संवेगात्मक कारण-** अत्यधिक तनाव, डर, चिंता, या निराशा जैसे संवेगात्मक अनुभव भी भग्नाशा और मानसिक द्वंद्व का कारण बन सकते हैं।
- **सामाजिक कारण -** सामाजिक दबाव, भेदभाव, या अस्वीकृति जैसे सामाजिक कारकों का भी भग्नाशा और मानसिक द्वंद्व पर प्रभाव पड़ सकता है।

**93. [d]**

**व्याख्या:-**

- गोलमैन के अनुसार (5 तत्त्व/भाग)
  (i) स्वबोध/आत्मजागरूकता (Self Awareness)
  (ii) आत्म नियंत्रण/ स्वनियमन (Self Control)
  (iii) आत्म अभिप्रेरणा (Self Motivation)
  (iv) परानुभूति/तदानुभूति (Empathy with Others)
  (v) सामाजिक कौशल/ दक्षताएँ (Social Skills)

**94. [a]**

**व्याख्या:-**

- स्टेनफॉर्ड बिनेट स्केल से एक व्यक्ति के बौद्धिक गुण को मापा जाता है।
- **स्टेनफोर्ड-बिने परीक्षण–** इसके प्रतिपादक टर्मन (स्टेनफोर्ड वि.वि., अमेरिका), 1916 में है।
- यह 2 से 14 वर्ष के बालकों हेतु उपयोगी है।
- संशोधन के बाद यह विधि 2 से 22 वर्ष तक के व्यक्तियों के लिए उपयोगी है।

**95. [d]**

**व्याख्या:-**

- **अभिप्रेरणा का मानवतावादी दृष्टिकोण (Humanistic Perspective of Motivation):**
- मानवतावादी मनोवैज्ञानिकों जैसे अब्राहम मास्लो (Abraham Maslow) और कार्ल रॉजर्स (Carl Rogers) के अनुसार, अभिप्रेरणा किसी बाहरी पुरस्कार या दंड से उत्पन्न नहीं होती, बल्कि यह आंतरिक प्रेरणा (Intrinsic Motivation) होती है, जो व्यक्ति को स्वयं के पूर्ण विकास (Self-actualization) की दिशा में प्रेरित करती है।

**मानवतावादी परिप्रेक्ष्य की मुख्य बातें:**

- व्यक्तिगत विकास पर बल:
- स्वतंत्रता एवं चुनाव की क्षमता:
- सकारात्मक मानव स्वभाव:
- व्यक्ति की अंतिम प्रेरणा अपने पूर्णतम सामर्थ्य को प्राप्त करना होती है।
- Motivation शब्द की व्युत्पत्ति:
- Motivation शब्द की उत्पत्ति लैटिन शब्द Movere से हुई है, जिसका अर्थ होता है:
- “गति करना” (to move) -यानी कि यह वह प्रक्रिया है जो व्यक्ति को किसी लक्ष्य की ओर गतिशील करती है।

**96. [d]**

**व्याख्या:-**

- शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में अभिप्रेरणा का महत्त्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि यह छात्रों को सीखने के लिए प्रेरित करती है और उनके समग्र शैक्षिक अनुभव को प्रभावित करती है।
- अभिप्रेरणा को "सीखने का राजकीय मार्ग" कहा गया है क्योंकि यह छात्रों को ज्ञान प्राप्ति के लिए मार्गदर्शन करती है और उनकी ऊर्जा को सही दिशा में केंद्रित करती है।
- छात्रों में सीखने का उद्देश्य एक प्रधान अभिप्रेरक (**primary motivator)** है, जो उनके स्कूल में सीखने की प्रक्रिया को प्रभावित करता है। जब छात्रों के पास एक स्पष्ट उद्देश्य या लक्ष्य होता है, तो वे अपने प्रयासों को उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संकेंद्रित करते हैं, और उनकी अधिगम क्षमता में सुधार होता है।

**97. [a]**

**व्याख्या:-**

- शैक्षिक मनोविज्ञान मनोविज्ञान की वह शाखा है जो शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के व्यवहार, अधिगम (learning), सोच, समझ, अभिरुचि और व्यक्तिगत विशेषताओं का अध्ययन करती है।
- इसका उद्देश्य शिक्षण और अधिगम को अधिक प्रभावशाली, उपयोगी और छात्र-केंद्रित बनाना है।
- शैक्षिक मनोविज्ञान यह मानता है कि प्रत्येक विद्यार्थी अलग होता है और उसमें कुछ न कुछ विशेषता या विशिष्टता होती है, जिसे समझना आवश्यक है।
- शैक्षिक मनोविज्ञान विशेष रूप से व्यक्तिगत विभिन्नताओं के अध्ययन पर बल देता है। व्यक्तिगत विभिन्नताओं का तात्पर्य उन विशेषताओं से है जो एक व्यक्ति को दूसरे से अलग बनाती हैं।
- ये भिन्नताएँ मानसिक क्षमताओं, सोचने के तरीकों, सीखने की गति, व्यक्तित्व, अभिरुचियों, बुद्धि, सामाजिक पृष्ठभूमि, भावनात्मक परिपक्वता, भाषा कौशल, तथा प्रेरणा स्तर जैसे अनेक क्षेत्रों में देखी जा सकती हैं।

**98. [c]**

**व्याख्या:-**

- समावेशी शिक्षा में शिक्षक को यह समझना होता है कि सभी बच्चों की सीखने की गति, क्षमता और पृष्ठभूमि अलग होती है। इसलिए वह विविध शिक्षण विधियाँ, गतिविधियाँ और संसाधन प्रयोग करता है ताकि प्रत्येक विद्यार्थी अपनी आवश्यकता और क्षमता के अनुसार सीख सके।

**99. [a]**

**व्याख्या:-**

- **21**वीं सदी की शिक्षा में आलोचनात्मक सोच (**Critical Thinking)** अत्यंत महत्वपूर्ण कौशल है क्योंकि आज के समय में छात्रों को बड़ी मात्रा में उपलब्ध सूचनाओं का विश्लेषण करना पड़ता है। आलोचनात्मक सोच उन्हें तथ्यों का मूल्यांकन करने, तर्कसंगत निष्कर्ष निकालने और उचित निर्णय लेने में सक्षम बनाती है। इसलिए कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

**100. [b]**

**व्याख्या:-**

- जीवन कौशलों में अनुकूलन क्षमता, नेतृत्व, उत्तरदायित्व और सामाजिक सहभागिता जैसे गुण शामिल होते हैं। ये कौशल व्यक्ति को सामाजिक जीवन और कार्यस्थल में प्रभावी ढंग से कार्य करने में सहायता करते हैं। पूर्णतः व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा जीवन कौशल का प्रमुख तत्व नहीं माना जाता।

♦♦♦♦